# बिहार विधान सभा

## त्रयोदश सत्र

## 29 नवम्बर, 2024

----

**[ऊर्जा - आपदा प्रबंधन - पर्यटन - योजना एवं विकास - संसदीय कार्य - विधि स्वास्थ्य ].**

**कुल प्रश्न 160**

----

### राशि का भुगतान

***521 श्री रामबली सिंह यादव (घोसी ):**

**आपदा प्रबंधन :-**

क्या मंत्री,आपदा प्रबंधन विभाग,यह बतलाने की कृपा करेंगे कि- 1.क्या यह बात सही है कि विभाग के पत्रांक-6304,दिनांक 31.12.2022 के क्रमांक-6(1) में जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारियों को यह निर्देशित है कि अगलगी से पशुओं को जलने पर मौत की स्थिति में पशुपालक को सहायता राशि तभी दिया जायेगा जब पशु नामित अधिकारियों के पास पंजीकृत हो, जबकि राज्यभर में न तो सभी पशु पंजीकृत किये गये हैं न ही पंजीकरण की प्रक्रिया नियमित जारी है ताकि किसान नवजन्मे पशुओं का नियमित पंजीकरण करा सकें ; 2.क्या यह बात सही है कि उक्त पत्र के आलोक में जहानाबाद जिला के घोसी अंचल अन्तर्गत ग्राम-सुजातपुर निवासी नन्दलाल यादव, पिता-स्व० देवरारण यादव को दिनांक 24.04.24 को आग लगने से पशु जलने के उपरांत दिनांक 25.04.2024 को दिए आवेदन के पश्चात आज तक मुआवजा की राशि नहीं मिली; यदि हाँ तो सरकार कबतक नन्दलाल यादव या इस तरह के अन्य पशुपालकों की लंबित सहायता राशि का भुगतान कराने का विचार रखती है, नही तो क्यो ?

----

कार्रवाई करना

***522 श्री राकेश कुमार रौशन (इस्लामपुर, नालन्दा ):**

**ऊर्जा** क्या मंत्री, उर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि ः-
1. क्या यह बात सही है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 से नालंदा जिला के एकंगर सराय ग्रिड सब स्टेशन से हिलसा एवं तेल्हाडा के लिए 33 KVA का लाईन बिछाने का कार्य हो रहा है;
2. क्या यह बात सही है कि एजेंसी द्वारा मानक के अनुरूप लोहे के चैनल के फौन्डेशन बनाने में प्रबल कंक्रीट देने और प्रयोग में लिए जा रहे पोल का मेटल मानक के अनुरूप नहीं रहने के कारण 90 डिग्री सीधा के स्थान पर पोल एक तरफ झुकना प्रारम्भ हो गया है;
3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो सरकार इसकी जॉच कराकर दोषी एजेंसी पर कौन सी करवाई कब तक करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

भवन का निर्माण

***523 श्री पवन कुमार यादव (कहलगांव ):**

**स्वास्थ्य :-**
क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि- 1. क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के कहलगांव प्रखंड अंतर्गत कोदवार एवं जानमहम्मदपुर में स्वास्थ्य उपकेंद्र का अपना भवन नहीं है; 2. क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों स्वास्थ्य उपकेंद्र का अपना भवन बनाने की स्वीकृति हुई है, जिसका निर्माण अब तक प्रारंभ नहीं हुआ है; 3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार उक्त दोनों स्वास्थ्य उपकेंद्र के भवन का निर्माण कब तक कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## नाला का निर्माण कराना

***524 श्री भीम कुमार सिंह (गोह ):**

**स्वास्थ्य** क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला अंतर्गत गोह प्रखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गोह का नया भवन निर्माण हुआ है परंतु पानी निकासी हेतु नाला का निर्माण नहीं हुआ है, जिससे गंदे पानी का जल जमाव अस्पताल परिसर में रहता है और मरीजों को आने-जाने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ तो सरकार कब तक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, गोह के परिसर में नाला का निर्माण करवाने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

आयुर्वेदिक दवा उपलब्ध कराना

***525 श्री ऋषि कुमार (ओबरा ):**

**स्वास्थ्य** स्थानीय हिंदी दैनिक समाचार पत्र में दिनांक-12.11.2024 को प्रकाशित शीर्षक

"आयुर्वेदिक उपलब्ध नहीं, अंग्रेजी दवा लिख रहे आयुष चिकित्सक" को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

1 क्या यह बात सही है कि राज्य में मार्च 2024 में 2901 आयुष चिकित्सकों की नियुक्ति की गई है,

2.क्या यह बात सही है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, जिला अस्पतालों एवं हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर आयुर्वेदिक दवा उपलब्ध नहीं होने के कारण आयुर्वेदिक चिकित्सक रोगियों को अंग्रेजी दवा लिख रहे है,

3.यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार राज्य के सभी अस्पतालों मे आयुर्वेदिक दवा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

उपस्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण

***526 श्री राजीव कुमार सिंह (तारापुर ):**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः- 1.क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के टेटिया बंबर प्रखंड अंतर्गत वनगामा पंचायत स्थित तुलसीपुर गांव में एक भी उपस्वास्थ्य केन्द्र नहीं होने के कारण यहां के मरीजों और प्रसव पीड़िताओं को 6 किमी. दूर स्थित टेटिया बंबर स्वास्थ्य केन्द्र जाना पड़ता है, जिसके चलते आए दिन कई प्रसव पीड़िताओं को अपनी जान तक गंवानी पड़ी है; 2.क्या यह बात सही है कि ग्रामीणों ने उपस्वास्थ्य केन्द्र के निर्माण हेतु चंदा इकट्ठा करके जमीन (खाता-64, खेसरा-12, रकवा-3 क०) का क्रय कर महामहिम राज्यपाल के नाम से रजिस्ट्री कर दिया है; 3.यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार उक्त सरकारी जमीन पर उपस्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कराने का विचार रखती है; नहीं तो क्यों ?

----

## भवन निर्माण करना

***527 श्री सुनील मणि तिवारी (गोविंदगंज):**

**स्वास्थ्य** क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिला के पहाड़पुर प्रखंडान्तर्गत पश्चिमी सरेया एवं पूर्वी सिसवा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों का भवन काफी जर्जर हो जाने से डॉक्टर/कर्मियों का बैठना मुश्किल हो गया है, यदि हाँ तो सरकार कब तक उक्त स्वास्थ्य केन्द्रों के भवन का जीर्णोद्वार कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

चिकित्सकों का पदस्थापन कराना

***528 श्री अजय कुमार (बिभूतिपुर ):**

**स्वास्थ्य** क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के विभूतिपुर प्रखंड अंतर्गत पी०एच०सी० विभूतिपुर,अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, नरहन एवं अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र टेकना में पदस्थापित आयुष चिकित्सकों को सर्जरी का अनुभव नहीं होने से मरीजों को मामूली सर्जरी के लिए भी दूर के अस्पतालों में जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कब तक उक्त स्वास्थ्य केन्द्रों में अनुभव प्राप्त चिकित्सकों को पदस्थापित करने का विचार रखती है, नहीं तो, क्यों ?

----

सीताकुंड महोत्सव का आयोजन

***529 श्री श्यामबाबू प्रसाद यादव (पिपरा, पूर्वी चंपारण):**

**पर्यटन :-**

क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बताने की कृपा करेंगे कि:- 1.क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिला के चकिया प्रखंड अंतर्गत ऐतिहासिक सीताकुंड धाम अवस्थित है जहां हर वर्ष बिहार एवं नेपाल से लाखों श्रद्धालु भक्त दर्शन करने आते हैं; 2. क्या यह बात सही है कि हर वर्ष रामनवमी को सीताकुंड में भव्य मेला का आयोजन होता है एवं लाखों लोग यहां पहुंचते हैं; 3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार उक्त स्थान पर हर वर्ष रामनवमी के दिन सीताकुंड महोत्सव आयोजन करने का विचार रखती है, हां तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण

***530 श्री संदीप सौरव (पालीगंज ):**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:- 1.क्या यह बात सही है कि पटना जिले के पालीगंज प्रखंड के सिगोड़ी गाँव में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नहीं है, जिससे बहुत बड़ी आबादी को स्वास्थ्य सेवाओं के अभाव का सामना करना पड़ता है; 2.क्या यह बात सही है कि पालीगंज प्रखंड में 30 शैय्या वाला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (CHC) नहीं है, यदि हाँ तो सरकार कब तक सिगोड़ी में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और पालीगंज में 30 शैया वाले CHC बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों;

----

## चाहरदीवारी की निर्माण

***531 श्री विश्व नाथ राम (राजपुर ):**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि ः- 1. क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के राजपुर विधान सभा अंतर्गत इटाढ़ी प्रखंड के ग्राम निहालपुर में अति0 स्वा0 केंद्र का भवन बनकर तैयार है, परन्तु एक भी डाक्टर नहीं है, साथ ही भवन की चाहरदीवारी का निर्माण भी नहीं किया गया है; 2. क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य केंद्र नर्स एवं स्टाफ के बदौलत चल रहा है; 3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केंद्र में चाहरदीवारी का निर्माण करते हुए डाक्टर की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, हां तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## दोषियों पर कार्रवाई करना

***532 श्री रणविजय साहू (मोरवा ):**

**स्वास्थ्य** क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेगें कीः-

1. क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के ताजपुर में जननायक कर्पूरी ठाकुर रेफरल अस्पताल में वर्ष 2019 में BMSICL के द्वारा लगभग 7 करोड़ की लागत से नए भवन का निर्माण कार्य आरम्भ हुआ और वर्ष 2022 में पूरा हुआ;

2. क्या यह बात सही है कि निर्माण एजेंसी द्वारा घटिया निर्माण सामग्री के द्वारा मानक के अनुरूप् निर्माण नहीं कराया गया, जिसके कारण निर्माण के एक वर्ष के बाद ही छत एवं दीवारों में दरार पड़ गया है और कई जगह पर भवन का निर्माण कार्य अधूरा है;

3.यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार निर्माण कार्य की उच्चस्तरीय जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है? हॅा तो कब तक नही तो क्यों?

----

बिजली की आपूर्ति कराना

***533 श्रीमती शालिनी मिश्रा (केसरिया):**

**ऊर्जा :-**

क्या मंत्री उर्जा विभाग, यह बतलाने का कृपा करेंगे कि- 1.क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण, पश्चिमी चम्पारण, गोपालगंज, छपरा, सिवान, मधेपुरा, सहरसा, सुपौल, किशनगंज, पूर्णिया, मुजफ्फरपुर, बेगुसराय, समस्तीपुर, 13 जिला में वर्ष 2021-22, 2022-23, 2023-24 में 1428 किलो मीटर में 11 (ग्यारह हजार) KVA एवं LT लाइन 468 कि0मी0 में कृषि फीडर के तार 2021 से 2024 तक चोरी होने से 1357 गॉंव में किसानों को सिंचाई सुविधा नही मिल रही है; 2.क्या यह बात सही है कि उपर्युक्त 13 जिलों में तार चोरी से संबंधित 257 प्राथमिकी दर्ज की गई है; 3.यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कब तक तार की आपूर्ति कर सिंचाई व्यवस्था बहाल करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

कार्य शुरू करवाना

***534 श्री मिथिलेश कुमार (सीतामढ़ी):**

**स्वास्थ्य** क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी सदर अस्पताल में नवनिर्मित भवनों में कार्य संचालित नहीं किये जा रहे हैं, जिससे आमजनों को काफी असुविधा झेलना पड़ता है, यदि हाँ तो सरकार कब तक नवनिर्मित भवन में स्वास्थ्य सम्बन्धी कार्य शुरू करवाने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## चाहरदिवारी का निर्माण

***535 श्री रामविलास कामत (निर्मली ):**

**स्वास्थ्य** क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिला के प्रखंड सुपौल अन्तर्गत ग्राम पंचायत लाउढ़ के उप स्वास्थ्य केन्द्र का चाहरदीवारी नहीं है, यदि हां तो सरकार कब तक उप स्वास्थ्य केन्द्र लाउढ़ में चाहरदीवारी निर्माण करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----

## विशेषज्ञ चिकित्सकों का पदस्थापन

***536 श्री विजय कुमार (गुरुआ):**

**स्वास्थ्य** क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के परैया प्रखण्ड में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परैया में शिशु रोग चिकित्सक, निश्चेतना विशेषज्ञ चिकित्सक तथा महिला रोग विशेषज्ञ चिकित्सक के नहीं रहने के कारण रोगियों को काफी दूरी तय कर चिकित्सा हेतु अन्य अस्पतालों में जाना पड़ता है, यदि हॅा, तो सरकार कब तक उपर्युक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में विशेषज्ञ चिकित्सकों का पदस्थापना करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## गोदाम या स्टोर रूम बनवाना

***537 श्री महबूब आलम (बलरामपुर):**

**ऊर्जा** क्या मंत्री, उर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला में उर्जा विभाग के बारसोई डिविजन में विभाग का कोई स्टोर रूम या गोदाम नहीं है जिस कारण इस डिविजन में विद्युत् सम्बन्धी गड़बड़ी से उत्पन्न समस्या के समाधान के लिए क्षतिग्रस्त उपकरणों के बदलाव हेतु कटिहार गोदाम 70-75 किमी की

दूरी पर अवस्थित है, यदि हां तो सरकार बारसोई में विभाग का गोदाम या स्टोर रूम बनवाने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## सेपरेट फिडर का निर्माण

*538 **श्री छत्रपति यादव (खगड़िया):**

**ऊर्जा** क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगडि़या जिलान्तर्गत खगडि़या प्रखंड के रहिमपुर उत्तरी, रहिमपुर मध्य एवं रहिमपुर दक्षिणी पंचायत में हमेशा बिजली आपूर्ति में कठिनाई होती है, क्योंकि बाढ़ प्रभावित एवं दियरा क्षेत्र है, यदि हाँ तो क्या सरकार उक्त तीनों पंचायतों के लिए अलग एक पीएसएस का निर्माण तथा प्रत्येक पंचायत में सेपरेट फिडर का निर्माण कराने का विचार रखती है, हॅा तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

पर्याप्त संख्या में स्ट्रेचर उपलब्ध कराना |

*539 **श्री अजीत शर्मा (भागलपुर ):**

**स्वास्थ्य** क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला में अवस्थित जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल, भागलपुर में मरीजों के अनुपात में स्ट्रेचर उपलब्ध नहीं रहने के कारण परिजनों को रोगियों को कंधे पर उठा कर अस्पताल लाना पड़ता है, यदि हां तो सरकार कब तक जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय, भागलपुर में पर्याप्त संख्या में स्ट्रेचर उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----

## अधिग्रहण रोकना

*540 **श्री विजय कुमार सिंह उर्फ डब्लू सिंह (नबीनगर ):**

**ऊर्जा :-**

क्या मंत्री, उर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः- 1. क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के नवीनगर विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत नवीनगर और बारूण प्रखण्डों के कोरवां, अंकोढ़ा कोठिया, खैरा, ओरिया, बलुआरा सहित 12 गांवों के किसानों की जमीन जो खेती योग्य है, एन0टी0पी0सी0 के बल्ब लाईन के लिए अधिगृहित किया जा रहा है ; 2. क्या यह बात सही है कि इस क्षेत्र में बल्ब लाईन बनने से फ्लाई ऐश के बिखराव के कारण इस क्षेत्र के हजारों एकड़ की कृषि भूमि के बंजर होने का खतरा है, जिसके कारण किसानों में काफी असंतोष है ; 3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार इस क्षेत्र के हजारों किसानों के हित में अधिग्रहण को रोकने का विचार रखती है, हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

मुआवजा राशि

***541 श्री शम्भू नाथ यादव (ब्रह्मपुर ):**

**ऊर्जा :-**

क्या मंत्री, उर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि- 1. क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के ब्रम्हपुर प्रखंड अन्तर्गत थाना-ब्रम्हपुर के ग्राम-चन्द्रपुरा पोस्ट- हठिलपुर, जिला-बक्सर के मंटु यादव, पिता-सुरेश यादव को खेत में खाद लेकर जाते समय दिनांक-12.08.2024 को लाईन के तार से करेंट लग जाने से खेत में ही मृत्यु हो गयी थी; 2. क्या यह बात सही है कि पीड़ित के पिता द्वारा ब्रम्हपुर थाना में सनहा भी दर्ज कराया गया है, बावजूद इसके उन्हें आज तक मुआवजा राशि प्राप्त नहीं हुआ है; 3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार कब तक उक्त पीड़ित परिवार को मुआवजा राशि देने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल के अधीन करना

***542 श्री जनक सिंह (तरैया ):**

**ऊर्जा :-**

क्या मंत्री, उर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः- 1.क्या यह बात सही है कि सारण जिला अन्तर्गत विद्युत आपूर्ति तीन वर्ष पूर्व स्थापित अवर प्रमंडल, मशरख के अन्तर्गत मशरख, पानापुर, तरैया और अमनौर प्रखंडों को सम्मिलित किया गया है; 2.क्या यह बात सही है कि सारण जिला के मढ़ौरा विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल के अन्तर्गत मढ़ौरा एवं ईसुआपुर प्रखंडों को सम्मिलित किया गया है; 3.क्या यह बात सही है कि ईसुआपुर प्रखंड को मढ़ौरा विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल के अधीन और अमनौर प्रखंड को मशरख विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल के अधीन करना भौगोलिक दृष्टिकोण से सही नही है, जिसके कारण यहाँ के जनता को कठिनाई हो रही है; 4.यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ईसुआपुर प्रखंड को मशरख विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल के अधीन और अमनौर प्रखंड को मढ़ौरा विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल के अधीन करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----

## जर्जर तार बदलना

***543 श्री वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता (सिकटा):**

**ऊर्जा** क्या मंत्री, उर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिम चंपारण जिला के सिकटा प्रखंड के मासवास गांव के वार्ड 12 में मंजू महतो समेत 10 (दस) परिवारों के घरों के उपर से 11000 वोल्ट का जर्जर विद्युत तार अत्यंत ही नीचे से

गुजरता है जिससे जान माल की क्षति होने की संभावना बनी है, यदि हाँ तो सरकार कब तक उक्त वार्ड 12 के घरों के बचाव के लिये किसी दूसरी सुरक्षित जगह पर पोल गड़वाने व जर्जर तार बदलने का विचार रखती है,नहीं तो क्यों ?

----

भवन निर्माण पूर्ण कराना

***544 श्रीमती अरूणा देवी (वारसलीगंज ):**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि- 1. क्या यह बात सही है कि नवादा जिले के वारिसलीगंज प्रखण्ड में अपसढ़ ग्राम में एक अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र 1990 ई0 से संचालित है; 2. क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्र का अपना भवन बनाने का कार्य शुरू होकर भवन लिन्टल लेवल तक बनने के बाद छः महीने से कार्य पूर्णतः बंद है; 3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार कब तक स्वास्थ्य केंद्र का भवन निर्माण पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

अस्पताल का भवन बनाना

***545 श्री राम सिंह (बगहा):**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि, 1.क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चंपारण जिला अन्तर्गत बगहा-2 प्रखंड में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चिउंटाहा 10/12 माप के पुराने जर्जर दो कमरे के मकान में विगत 15-20 वर्षों से संचालित है; 2.क्या यह बात सही कि 10/12 माप के दो कमरे वाले भवन में डॉक्टर रूम, ओ पी डी कक्ष, रजिस्ट्रेशन कक्ष, गार्ड रूम, नर्सिंग रूम, पारा मेडिकल कर्मी इत्यादी सारी चिकित्सीय व्यवस्था है; 3.क्या यह बात सही है कि उक्त अस्पताल के आस-पास 4-5 किलोमीटर क्षेत्रफल में थारू एवं आदिवासी जनजाति की बहुलता है; 4.यदि उपर्युक्त खंडो के उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार विगत 15-20 वर्षों से संचालित अतरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चिउंटाहा में दो कमरों के छोटे से भवन में संचालित अस्पताल का भवन चिकित्सा के मानक के अनुरूप बनाने का विचार कब तक रखती है, नही तो क्यों ?

----

## आनुग्रहिक राशि देना

***546 डॉ. रामानुज प्रसाद (सोनपुर ):**

**आपदा प्रबंधन** क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला के सोनपुर एवं दिघवारा प्रखंड में विगत महीने आए भीषण

बाढ़ से प्रभावित परिवारों के चयन में अंचल स्तर के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों की उदासीनता के कारण अधिकांश बाढ़ प्रभावित परिवार आनुग्रहिक राशि (सात हजार) से वंचित रह गए है, जिससे उनमें रोष व्याप्त है, यदि हाँ तो सरकार कब तक उक्त वर्णित प्रखंडों में वंचित बाढ़ प्रभावित परिवारों को आनुग्रहिक राशि देने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## शिलापट्ट लगवाना

***547 श्री सत्यदेव राम (दरौली):**

**योजना एवं विकास :-**

क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि ः- 1. क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत कार्यपालक अभियंता स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन कार्य प्रमंडल सहरसा द्वारा सहरसा पुलिस अधीक्षक कार्यालय के बगल में मत्स्यगंधा रोड पर स्थित कर्पूरी ठाकुर चौक का सौंदर्यीकरण कार्य के लिए स्थानीय विधायक से शिलान्यास कराया गया, जिसका प्राक्कलन राशि अंके 7,33,800 रू0 था; 2. क्या यह बात सही है कि दिनांक 03.09.2024 को आमजनों द्वारा शिलान्यास स्थल पर भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर जी का फ्लैक्स फोटो लगाया गया, जिसे कुछ ही घंटों बाद शिलापट्ट एवं फ्लैक्स फोटो तोड़कर हटा दिया गया और असामाजिक तत्वों द्वारा कार्यपालक अभियंता के सहयोग से सरदार वल्लभ भाई पटेल की लौहपट्टी लगा दी गयी; 3.यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार कब तक उक्त शिलान्यासित स्थल पर पुनः जननानायक भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर का शिलापट्ट लगाकर सौंदर्यीकरण का कार्य कराने का विचार रखती है, हां तो कबतक नहीं तो क्यों ?

----

## तीन फेज विद्युत उपलब्ध कराना

***548 श्री अरूण शंकर प्रसाद (खजौली):**

**ऊर्जा :-**

क्या मंत्री, उर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बासोपट्टी प्रखंड के एन०एच० 227 (एल) काली मंदिर चौक बासोपट्टी से गिरिजा कल्याणेश्वर महाविद्यालय होते हुए महादलित टोला तक एक फेज से ही बिजली आपूर्ति किया जा रहा है। साथ ही बासोपट्टी शास्त्री चौक से आस-पास के कई मोहल्ला में नंंगा तार से विद्युत आपूर्ति हो रहा है, जिससे आम उपभोक्ताओं को कठिनाई्र होती है, यदि हां तो सरकार कब तक एक फेज के स्थान पर तीन फेज विद्युत उपलब्ध कराने एवं नंगा तार के स्थान पर कभरयुक्त तार से बिजली आपूर्ति कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## अवैध नर्सिंग संस्थानों को बंद करना

***549 श्री मुरारी मोहन झा (केवटी):**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंं्त्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि- 1. क्या यह बात सही है कि राज्य के 33 जिलों में अवैध रूप से चल रहे 119 नर्सिंग संस्थानों पर जो मानक के अनुरूप नहीं है, विभागीय जांच चल रही है; 2. क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिले के सैयदनगर स्थित ख्वाजा गरीब नवाज नर्सिंग एंड पारा मेडिकल कॉलेज, जो निर्धारित मानक के अनुरूप नहीं रहने के बाद भी संचालित है; यदि हाँ तो इसका क्या औचित्य है ?

----

## चिकित्सीय व्यवस्था बहाल करना।

***550 श्री नारायण प्रसाद (नौतन):**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेगें कि:- 1.क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत उप स्वास्थ्य केन्द्र, मडुआहा, नौतन तथा उप स्वास्थ्य केन्द्र, मलाही बलुआ, बैरिया में नवनिर्मित भवन का निर्माण हो गया है जो चिकित्सक एवं चिकित्साकर्मी के अभाव में बंद है; 2.यदि उपर्युक्त खंड के उतर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार बंद पड़े स्वास्थ्य केन्द्रों पर चिकित्सक एवं अन्य कर्मी की व्यवस्था बहाल करने का विचार रखती है, हां तो कब तक, नही तो क्यो ?

----

एन0डी0आर0एफ0 की टीम की व्यवस्था

***551 श्री राजेश कुमार गुप्ता (सासाराम ):**

**आपदा प्रबंधन** क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के सासाराम विधान सभा अन्तर्गत नदी, नहर एवं तालाब के आसपास मेला या धार्मिक प्रयोजनों के समय एन0डी0आर0एफ0 की व्यवस्था नहीं होने से नदी, नहर या तालाब में लोगों के डूबने का खतरा बना रहता है, यदि हाँ तो सरकार रोहतास जिला के सासाराम विधान सभा अन्तर्गत नदी, नहर एवं तालाब में मेला या धार्मिक प्रयोजनों के समय एन0डी0आर0एफ0 की टीम की कब तक प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यो ?

----

## अनुमंडलीय अथवा रेफरल अस्पताल का दर्जा दिलाना

***552 श्री रामप्रवेश राय (बरौली ):**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा कि कृपा करेंगे कि:- 1. क्या यह बात सही है कि गोपालगंज के नगर परिषद् बरौली के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में नये भवन का निर्माण कराया गया है; 2. क्या यह बात सही है कि उक्त केंद्र में चिकित्सीय संसाधन, विशेषज्ञ चिकित्सक, ICU, NICU एवं अन्य गहन एवं आपातकालीन चिकित्सीय सुविधा के आभाव में मरीजों को अन्यत्र रेफर कर दिया जाता है; यदि हाँ तो सरकार कब तक नगर परिषद् बरौली स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को अनुमंडलीय अथवा रेफरल अस्पताल का दर्जा दिलाने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## ग्रीन एनर्जी का इस्तेमाल

*553 **श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह (आरा):**

**ऊर्जा**

स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र में दिनांक-15.09.2024 को प्रकाशित शीर्षक ‘‘ग्रीन एनर्जी के इस्तेमाल का कोटा पूरा नहीं कर पा रही,सूबे की बिजली कंपनियां’’ को ध्यान में रखते हुए क्या मंंत्री, उर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि- 1. क्या यह बात सही है कि राज्य में कुल बिजली आपूर्ति का 17 प्रतिशत कोटा ग्रीन एनर्जी के लिये विद्युत नियामक आयोग द्वारा वर्ष-2020 में निर्धारित किया गया था, लेकिन दो वर्ष बीत जाने के बाद भी बिजली आपूर्ति कंपनियॅा इस लक्ष्य को हासिल नहीं कर पायी है, यदि हाँ तो सरकार ग्रीन एनर्जी (गैर परंपरागत) के लिए निर्धारित कोटा 17 प्रतिशत का लक्ष्य मौजूदा वित्तीय वर्ष में पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## पदस्थापन करना

*554 **श्री प्रहलाद यादव (सूर्यगढ़ा ):**

**स्वास्थ्य :-**

माननीय मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि - 1. क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिला अन्तर्गत सूर्यगढ़ा प्रखण्ड के सूर्यगढ़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की स्थिति खराब है; 2. क्या यह बात सही है कि उक्त प्रखंड के अन्तर्गत 24 पंचायत एवं नगर परिषद क्षेत्र है तथा बेगुसराय के साम्हो प्रखण्ड के लोग भी ईलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर आते हैं; 3. क्या यह बात सही है कि इस स्वास्थ्य केन्द्र में मरीजों की संख्या ज्यादा होने के कारण बेड नहीं मिल पाता है तथा डॅाक्टर की कमी के कारण ईलाज नहीं हो पाती है; 4. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार मरीजों की अच्छी सुविधा के लिए उक्त स्वास्थ्य केन्द्र को 100 बेड तथा पुरूष एवं महिला डॅाक्टरों की पर्याप्त मात्रा में प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, यदि हॅा तो कब तक, नहीं तो क्यों?

----

## चिकित्सा महाविद्यालय का नामकरण

***555 श्री प्रमोद कुमार (मोतिहारी):**

**स्वास्थ्य** क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सत्याग्रह के मुख्यालय मोतिहारी में चिकित्सा महाविद्यालय की स्थापना हेतु योजना वर्ष 2021-22 में स्वीकृत हुआ, जिसके भूमि की पैमाईस हो गयी है तथा प्राक्कलन तैयार कर निविदा हेतु प्रक्रियाधीन है, यदि हाँ तो सरकार चिकित्सा महाविद्यालय का नामकरण स्व0 अटल बिहारी, पूर्व प्रधानमंत्री के नाम करते हुए चालू वितीय वर्ष में निर्माण कराने का कब तक विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

शादी मण्डप बनाना

***556 श्री विजय कुमार मंडल (सिकटी):**

**पर्यटन** क्या मंं्त्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के दिनारा प्रखंड अन्तर्गत भलुनीधाम में यक्षिणी भवानी प्राचीन मंदिर है, जहॉ पर प्रति वर्ष लाखों श्रद्धालू दर्शन करने आते हैं तथा मंदिर के प्रांगण में प्रतिवर्ष हजारों शादी-विवाह सम्पन्न होता है किन्तु मंदिर के प्रांगण में शादी मण्डप नहीं होने के कारण वर एवं वधु पक्ष के लोगों को काफी कठिनाई होती है, जबकि प्रांगण में शादी मण्डप के लिये जगह भी पर्याप्त है, यदि हाँ तो सरकार कब तक उक्त मंदिर के प्रांगण में शादी मण्डप बनाने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

उपकरण लगवाना

***557 श्री राजेश कुमार (कुटुम्बा ):**

**ऊर्जा** क्या मंत्री, उर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला क औरंगाबाद ग्रिड से कुटुम्बा प्रखंड के अम्बा हरदाता पी.एस.एस के संडा,जमुआ,महाराजगंज तक खींची गई सभी तारों में इन्सुलेटर डिस एवं अन्य उपकरणें निम्न कोटि के लगे होने के कारण उपरोक्त सभी इलाकों में बार-बार फॉल्ट से अधिकांशतः विद्युत आपूर्ति बाधित होती रहती है, यदि हाँ तो सरकार कब तक जाँचोपरान्त सही मानक के उपकरण लगवाने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## अस्पताल प्रारंभ करवाना

***558 डॉ. आलोक रंजन (सहरसा):**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:- 1. क्या यह बात सही है कि सहरसा सदर अस्पताल में नव निर्मित 100 बेड के मातृ-शिशु अस्पताल का शुभारंभ 2024 में होने के दो महीने बाद भी बंद है, 2. क्या यह बात सही है कि इस अस्पताल में उपचार नहीं होने से लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ तो क्या सरकार इस अस्पताल को प्रारंभ करने का विचार रखती है, हाँ तो कबतक नहीं तो क्यों ?

----

ओटीएस स्कीम के सम्बन्ध में

***559 श्रीमती रश्मि वर्मा (नरकटियागंज):**

**ऊर्जा :-**

क्या मंत्री, उर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः- 1. क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चंपारण जिला अंतर्गत नरकटियागंज विधानसभा क्षेत्र सहित राज्य के सभी घरेलू उपभोक्ताओं के लिए बिजली विभाग द्वारा बकाया बिजली बिल सहित ब्याज वसूली हेतु ओटीएस स्कीम वर्ष 2014 में लाया गया था, जिससे छोटे-छोटे घरेलू उपभोक्ताओं को काफी फायदा मिला एवं सरकार को भी बकाया राशि का एक मुस्त भुगतान प्राप्त हुआ है; 2.क्या यह बात सही है कि उक्त ओटीएस स्कीम वर्ष 2014 के बाद नहीं लाया गया है, जिससे छोटे घरेलू उपभोक्ताओं का बिजली बिल कम बकाया रहने के बावजूद ब्याज सहित काफी अधिक हो गया है जिसे चुकाने में हजारों उपभोक्ता असहाय हैं और सरकार को राजस्व की हानि हो रही है; 3.यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो सरकार नरकटियागंज विधानसभा क्षेत्र सहित राज्य के सभी विधान सभा क्षेत्र में पुनः ओटीएस स्कीम लाकर बकाया बिजली बिल सहित ब्याज का एक मुस्त समाधान कर घरेलू उपभोक्ताओं को राहत देने का विचार रखती है, यदि हाँ तो, कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

कार्रवाई करना

***560 श्री पवन कुमार जायसवाल (ढाका):**

**स्वास्थ्य :-**

स्थानीय हिन्दी समाचार पत्र में दिनांक 10 अक्टूबर 2024 को प्रकाशित शीर्षक "अस्पतालों में मरीजों को अब बंद लिफाफे में मिलेंगी दवाएं" के आलोक में क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :- 1. क्या यह बात सही है कि राज्य के सरकारी अस्पतालों में विभाग द्वारा मरीजों को ओपीडी काउंटर से बंद लिफाफे में दवा देने का आदेश दिया गया है; 2. क्या यह बात सही है कि मरीज को दिए जाने वाले दवा लिफाफे में अस्पताल का नाम, दवा का डोज, दवा लेने का समय की जानकारी लिफाफे पर दर्ज करना आवश्यक है, परन्तु यह सुविधा अब तक प्रारम्भ नहीं हुआ है; 3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त व्यवस्था को लागू नहीं

करने वाले दोषी अधिकारी पर कार्रवाई करने तथा अस्पतालों में बंद लिफाफे में दवा देने की व्यवस्था लागू कराने का विचार रखती है, हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

स्वास्थ्य केंद्र भवन बनाना

***561 श्री लाल बाबू प्रसाद गुप्ता (चिरैया):**

**स्वास्थ्य** क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग,यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिला के चिरैया विधानसभा क्षेत्र के पताही प्रखंड में बाराशंकर, बलुआ जुल्फ़ेकराबाद, सरैया गोपाल,नूनफरवा,देवापुर पंचायतों में स्वास्थ्य केंद्र भवन नहीं रहने के कारण वहां के लोगों को स्वास्थ्य जांच कराने के लिए कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है,यदि हां तो सरकार कब तक उक्त स्वास्थ्य भवनहीन पंचायतों में स्वास्थ्य केंद्र भवन बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----

जमीन उपलब्ध कराना

***562 श्री तारकिशोर प्रसाद (कटिहार):**

**स्वास्थ्य** क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः- 1 क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के हसनगंज प्रखंड अंतर्गत महमदिया एवं बलुआ तथा कटिहार सदर प्रखंड अंतर्गत बठैली, गोलाघाट, चिलमारा फसिया, हाजीपुर एवं छीटाबाड़ी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर/स्वास्थ्य उपकेंद्र के लिए चयनित है, 2. क्या यह बात सही है कि जमीन के अभाव में भवन का निर्माण कार्य एवं स्वास्थ्य सेवा प्रारंभ नहीं हो पा रहा है, 3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त दोनों प्रखंडों में अंकित स्थलों पर भवन निर्माण हेतु जमीन उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हां तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

मरम्मति कराना

***563 श्री दामोदर रावत (झाझा ):**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत लक्ष्मीपुर प्रखंड में लगभग दस वर्षो से ए.एन.एम. स्कूल संचालित हो रहा है, किन्तु विगत 10 वर्षो में स्कूल की मरम्मति एवं रंग-रोगन का कार्य एक बार भी नहीं होने से स्कूल के भवन की स्थिति खराब हो रही है, यदि हाँ तो सरकार कब तक लक्ष्मीपुर प्रखंड स्थित ए.एन.एम. स्कूल की मरम्मति एवं रंग-रोगन का कार्य कराने का विचार रखती है,

नहीं तो क्यों ?

----

## भवन का जीर्णोधार कराना

***564 श्री अमरजीत कुशवाहा (जीरादेई):**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:- 1.क्या यह बात सही है कि सिवान जिला अंतर्गत जीरादेई में राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय की स्थापना देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद जी की धर्मपत्नी राजबंशी देवी के कर कमलों द्वारा सन 1957 में की गयी है, जिसका उद्घाटन 30 सितम्बर 1966 को तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री के द्वारा किया गया है; 2.क्या यह बात सही है कि उक्त् चिकित्सालय का भवन काफी जर्जर एवं खंडहर में तब्दील हो गया है जिस कारण चिकित्सालय निजी मकान में भाड़े में चल रहा है; 3.क्या यह बात सही है कि उक्त चिकित्सालय महामहिम राष्ट्रपति डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद एवं उनकी धर्मपत्नी की अति महत्वकांक्षी योजना थी; 4.यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय के भवन का जीर्णोधार कराने का विचार रखती है, हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## सर्वाइकल कैंसर से बचाव

***565 डॉ. सी०एन० गुप्ता (छपरा ):**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेगें कि - 1. क्या यह बात सही है कि राज्य में किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए टीकाकरण का कार्य दो माह पूर्व शुरू कर दिया गया है, लेकिन आज तक टीकाकरण हेतु वैक्सीन की खरीदारी नहीं हुई है; 2.क्या यह बात सही है कि राज्य के 9 से 14 साल की उम्र के 95 लाख किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर का टीकाकरण लगाना है; 3.यदि उपर्युक्त खंडो का उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार के द्वारा राज्य के किशोरियों के सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु वैक्सीन की खरीदारी अभी तक नहीं कराने का क्या औचित्य है;

----

व्यवस्था बहाल करना

***566 श्री अवध विहारी चौधरी (सिवान):**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सिवान जिला में स्थित सदर अस्पताल में सिटी स्कैन, हेपेटाइटिस रोग का ईलाज सहित अन्य व्यवस्था नहीं होने के कारण रोगियों को ईलाज कराने में कठिनाई हो रही है एवं

रोगियों को उपचार के लिए बाहर जाना पड़ता है, यदि हाँ तो सरकार कब तक सदर अस्पताल में उक्त व्यवस्था को बहाल कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

मुआवजा राशि दिलाना

***567 श्री शमीम अहमद (नरकटिया):**

**आपदा प्रबंधन :-**

क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः- 1. क्या यह बात सही है कि पुर्वी चम्पारण जिला के छौड़ादानो प्रखण्ड के मो० मारूफ पिता-कमरूल होदा, ग्राम-मसही वर्ष-2017, नफीसा खातून पिता-जुल्फेकार खां ग्राम-पठानपट्टी वर्ष-2021, नसीबन खातून पति-अकलू मिया ग्राम पठानपट्टी वर्ष 2022 एवं बंजरिया प्रखण्ड अन्तर्गत धीरज कुमार पिता-विनय राम ग्राम चितहाँ वर्ष-2020 में सभी की डूबने से मृत्यु हुई थी; 2. क्या यह बात सही है कि लंबी अवधि बीत जाने के बावजूद उक्त दोनों प्रखंडो के मृतकों के आश्रित परिवार को अभीतक पदाधिकारियों की उदासीनता के कारण सरकारी मुआवजा से वंचित रखा गया है; 3. यदि उपर्युक्त खंडो के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त दोनों प्रखंडों के मृतकों के आश्रित परिवारों को सरकारी मुआवजा दिलाने का विचार रखती है, हाँ, तो कब तक, नहीं, तो क्यों ?

----

## एम.बी.बी.एस. डॉक्टर की पदस्थापना

***568 श्री मनोहर प्रसाद सिंह (मनिहारी):**

**स्वास्थ्य** क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के अमदाबाद प्रखण्ड अन्तर्गत स्थापित प्राथमिक उप स्वास्थ्य केन्द्र दुर्गापुर में चैकिया पहाड़पुर, भवानीपुर खट्टी और दुर्गापुर पंचायतों के लगभग 40 हजार लोग इलाज कराते हैं, लेकिन वहाँ आयुष चिकित्सक पदस्थापित हैं, उक्त उप स्वास्थ्य केन्द्र में मरीजों को दवा नहीं मिलती है, सूई दवाइयों के लिए चिकित्सक मरीजों से अलग से पैसे लेते हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त उप स्वास्थ्य केन्द्र में एम.बी.बी.एस. डाक्टर की पदस्थापना और मुफ्त सूई दवा के प्रबन्ध का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----

महिला चिकित्सक का पदस्थापन

***569 श्री मुकेश कुमार यादव (बाजपट्टी):**

**स्वास्थ्य** क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगें किः-
1. क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला अन्तर्गत प्रखंड नानपुर में स्थित समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की चाहरदिवारी नहीं रहने के कारण मरीजों एवं चिकित्सा कर्मियों को

कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है;

2.क्या यह बात सही है कि उक्त समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में एम.बी.बी.एस. महिला चिकित्सक का पदस्थापन नहीं है जिसके कारण महिला मरीजों को काफी कठिनाई होती है;

3.यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नानपुर की चाहरदिवारी निर्माण कराने एवं एम.बी.बी.एस. महिला चिकित्सक का पदस्थापन करने का विचार रखती है, हॅा तो कब तक नही तो क्यों ?

----

## अनुदान राशि दिलाना

*570 **श्री संजय कुमार गुप्ता (बेलसंड):**

**आपदा प्रबंधन** क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बेलसंड प्रखंड के नगर पंचायत एवं पंचायत में सम्पूर्ति पोर्टल में भारी गड़बड़ी के कारण इस वर्ष बांध टूटने के बाद सरकार द्वारा अनुदान राशि प्रत्येक पंचायत में 50 प्रतिशत को मिला है, शेष 50 प्रतिशत बचे हुए लोगों को कब तक अनुदान राशि दिलाने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## स्थायी कार्यपालक अभियंता की पदस्थापना

*571 **श्री कुमार सर्वजीत (बोधगया ):**

**योजना एवं विकास :-**

क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः- 1. क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमंडल-02 शेरघाटी में स्थायी कार्यपालक अभियंता की पदस्थापना नहीं की गई है, 2. क्या यह बात सही है कि वर्तमान प्रभारी कार्यपालक अभियंता अपने मूल पदस्थापना जिला औरंगाबाद में दो जगह एवं तीसरा गया जिला के शेरघाटी के प्रभार में हैं, जिसके कारण गया जिला के चार विधान सभा का कार्य ससमय नहीं हो पाता है; 3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार कार्य प्रमंडल-02 शेरघाटी में स्थायी कार्यपालक अभियंता के पदस्थापना करने का विचार रखती है, हां तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## स्वास्थ्य केन्द्र बनाना

*572 **श्री अजीत कुमार सिंह (डुमरांव ):**

**स्वास्थ्य** क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :- 1. क्या यह बात सही है कि डुमराँव विधानसभा क्षेत्र सहित पुरे बक्सर जिला के प्रत्येक विधानसभा में 5-5 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र एवं उप स्वास्थ्य केन्द्र बनाने की अनुशंसा विभाग द्वारा दो वर्ष पूर्व किया गया था; 2. क्या यह बात सही है कि उक्त निर्माण

के आलोक में बक्सर जिला के डुमराँव विधानसभा क्षेत्र में प्रश्नकर्ता सदस्य द्वारा स्वास्थ्य केन्द्र एवं उप स्वास्थ्य केन्द्र बनाने की अनुशांसा दो वर्ष पहले किया गया है लेकिन अभी तक उक्त स्वास्थ्य केन्द्र एवं उपस्वास्थ्य केंद्र का निर्माण नहीं किया गया है, और विभागीय स्तर पर लंबित है; 3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार अनुशंसित सभी स्वास्थ्य केन्द्र एवं 05 (पॉच) उप स्वास्थ्य बनाने का कब तक विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## अस्पताल का भवन समर्पित करना

***573 श्री बीरेन्द्र कुमार (रोसड़ा)ः**

**स्वास्थ्य** क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत शिवाजी नगर प्रखंड के रमौल गांव में साठ (60) बेड का अस्पताल बनकर तैयार है, लेकिन अभी तक विभाग को समर्पित नहीं किया गया है, जिसके कारण रोगियों का इलाज बाधित है, यदि हां, तो सरकार कबतक विभाग को अस्पताल का भवन समर्पित कराने का विचार रखती है नहीं तो क्यों ?

----

## महिला चिकित्सकों का पदस्थापन

***574 श्री युसुफ सलाहउद्दीन (सिमरी बख्तियारपुर)ः**

**स्वास्थ्य** क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिले के सिमरी बख्तियारपुर अनुमंडल स्थित अनुमंडलीय अस्पताल सहित हाल ही में निर्मित सलखुआ प्रखंड स्थित अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र, कबीराधाप एवं गोरदह, सिमरी बख्तियारपुर प्रखंड स्थित सकरा पहाड़पुर, महखड़ एवं कांठो पंचायत स्थित चपरांव में निर्मित स्वास्थ्य केन्दों में चिकित्सकों एवं चिकित्साकर्मियों सहित अन्य कर्मियों के स्वीकृत पद के विरूद्ध चिकित्सकों एवं महिला चिकित्सकों की संख्या में कमी होने के कारण ईलाज हेतु आने वाले मरीजों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। यदि हाँ तो सरकार कब तक उक्त अस्पतालों में चिकित्सकों एवं महिला चिकित्सकों के पद स्थापन का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

राशि उपलब्ध कराना

***575 श्री अखतरूल ईमान (अमौर)ः**

**आपदा प्रबंधन :-**

क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः- 1.क्या यह बात सही है कि राज्य के 18 जिलों में आयी बाढ़ (द्वितीय चरण) से प्रभावित 03 लाख 21 हजार परिवारों को 07 हजार रूपया प्रति परिवार की अनुग्रह राहत की राशि सरकार द्वारा

अंतरण किया गया है; 2.क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिला अंतर्गत प्रखंड अमौर एवं बैसा, जिला के सर्वाधिक बढ़ से प्रभावित प्रखंड हैं; 3.यदि उपर्युक्त खंडो के उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार वर्ष 2024 में प्रखंड अमौर एवं बैसा में जितने परिवार बाढ़ से प्रभावित हुए हैं उन सभी को अनुग्रह राहत राशि उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हां तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

बिजली कंपनी का बकाया का भुगतान

***576 मो० आफाक आलम ( कसबा, पूर्णिया):**

**ऊर्जा** स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र में दिनांक 03.10.2024 को प्रकशित शीर्षक "पटना के 70 समेत राज्य में डेंगू के 153 मरीज मिले" को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः- 1.क्या यह बात सही है कि राज्य में जनवरी 2024 से 01 नवम्बर 2024 तक डेंगू पीड़ितों की संख्या 7489 है जिसमें पटना जिला में 3705 है तथा सरकारी आंकड़े के अनुसार अब तक 15 लोगों की मौत हो चुकी है; 2.क्या यह बात सही है कि राज्य में विगत तीन वर्षो में डेंगू के मरीजो की संख्या में काफी वृद्वि हुई है; 3.यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार राज्य में डेंगू मरीजों की संख्या में अत्यधिक वृद्वि होने के कारण समाधान हेतु कौन-कौन से कदम उठने का विचार रखती है, नही तो क्यों;

----

पॅावर ग्रिड का निर्माण

***577 श्री आनन्द शंकर सिंह (औरंगाबाद ):**

**ऊर्जा** क्या मंंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला में देव और मदनपुर प्रखण्डों में पॅावर ग्रीड नहीं होने से रफीगंज ग्रीड से विधुत आपूर्ति की जाती है, जिससे दूरी अधिक होने से मामूली आँधी-तूफान में हमेशा विधुत आपूर्ति बाधित होती रहती है, यदि हाँ तो सरकार कब तक देव और मदनपुर के लिए अलग से पॅावर ग्रिड का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## नया पोल एवं कॅाभरयुक्त तार लगाना

***578 श्री पंकज कुमार मिश्र (रून्नीसैदपुर):**

**ऊर्जा :-**

क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के रून्नीसैदपुर प्रखण्ड अन्तर्गत मधौलसानी पंचायत के कंचनपुर टोला के वार्ड-12 का पोल एवं तार जर्जर हो चुका है जिससे बाढ़ एवं आँधी के समय इसके गिरने

का खतरा बना रहता है, यदि हाँ तो सरकार कब तक उक्त पंचायत के वार्ड-12 में नया पोल एवं कॉभरयुक्त तार लगाने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## विद्युत अवसंरचना का सुदृढ़ीकरण करना

*579 **श्री अचमित ऋषिदेव (रानीगंज, अररिया):**

**ऊर्जा** क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखंड में नगर पंचायत रानीगंज के वार्ड संख्या-8 साई नगर में बबलू राउत के घर से बैजनाथ मड़ड़ के घर तक एवं उसी बीच में ललित सोनार के दुकान से बन्देलाल ठाकुर के घर तक तथा वार्ड नं0-17 दीवान टोला में शालीग्राम सिंह के घर के पास से महेन्द्र यादव के घर होते हुए बह्मदेव यादव के घर तक अब भी स्थानीय लोग बाँस बल्ला के सहारे बिजली का तार लाकर बिजली का उपयोग कर रहे हैं जिससे सदैव अप्रिय घटना की आशंका बनी रहती है, यदि हाँ तो सरकार उल्लिखित स्थल पर बिजली का खंभा अधिष्ठापित कर विद्युत अवसंरचना का सुद्दढ़ीकरण करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## विद्युत सब स्टेशन की स्थापना

*580 **श्रीमती नीतु कुमारी (हिसुआ ):**

**ऊर्जा** क्या मंंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिला के नरहट प्रखण्ड के बभनौल पंचायत अंतर्गत ग्राम सिराज नगर के क्षेत्र से पॉवर सब स्टेशन की दूरी 20-25 किलोमीटर दूर होने की वजह से हल्की आँधी तूफान में भी बिजली संचरण बराबर बाधित होते रहने से जनता को विद्युतीकरण का लाभ नहीं मिल पाता है और किसानों को कृषि कार्य में विद्युत सुविधा का लाभ नहीं हो पाता है, यदि हाँ तो सरकार कब तक नवादा जिला के नरहट प्रखण्ड के बभनौल पंचायत अंतर्गत ग्राम सिराज नगर में एक विद्युत सब स्टेशन की स्थापना करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----

कार्य प्रारंभ करना

*581 **श्री इजहारूल हुसैन (किशनगंज):**

**स्वास्थ्य** क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत पोठिया प्रखंड के छतरगाछ में 30 शैय्या के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का शिलान्यास मुख्यमंत्री एवं मंत्री, स्वास्थ्य विभाग द्वारा दिनांक 6.9.2024 को किया गया था, किन्तु अब तक संवेदक द्वारा कार्य को प्रारंभ नहीं किया गया है, यदि हां तो सरकार कब तक उक्त स्वास्थ्य केंद्र का कार्य समाप्त करवाने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## चाहरदीवारी एवं गेट निर्माण

***582 श्री गोपाल रविदास (फुलवारी ):**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला अंतर्गत फुलवारीशरीफ में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का चाहरदीवारी और गेट के अभाव में घुमंतू जानवर हॉस्पिटल के अन्दर घुस जाते हैं, जिससे परिसर के अन्दर असुरक्षा की स्थिति बन गई है, यदि हाँ तो सरकार कब तक उक्त स्वा० केंद्र की चाहरदीवारी और गेट बनाने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## जॉच कराना

***583 श्री छोटे लाल राय (परसा ):**

**स्वास्थ्य** क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा कि कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला अंतर्गत प्रखण्ड दरियापुर एवं परसा के समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में तैनात हेल्थ मैनेजर द्वारा अस्पतालों में रंगाई, सफाई एवं अस्पतालों को मिलने वाली मूलभूत सुविधा के नाम पर अनियमितता किया जा रहा है, यदि हाँ तो सरकार कब तक उक्त अस्पतालों में हो रही अनियमितता की जॉच कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----

## डॉक्टरों का पदस्थापन

***584 श्री कृष्ण कुमार ऋषि (बनमनखी):**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा कि कृपा करेंगे कि- 1. क्या यह बात सही है कि पूर्णियॅा जिलान्तर्गत बनमनखी अनुमण्डल के अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, जानकीनगर के पास पर्याप्त जमीन उपलब्ध रहने के बावजूद दो कमरों में संचालन किया जा रहा है; 2. क्या यह बात सही है कि अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, जानकीनगर चार जिलों के सीमा पर अवस्थित है, जिसमें एक नगर पंचायत एवं ग्यारह पंचायतों के लगभग 50 हजार की आबादी उक्त अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर निर्भर है, परन्तु सुविधा के आभाव में स्थानीय लोगों को प्राथमिक उपचार के लिये भी 15-20 किलोमीटर दूर जाकर अपना ईलाज कराना पड़ता है; 3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार कब तकअतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, जानकीनगर में भवन निर्माण, आधुनिक सुविधायुक्त आउटडोर का संचालन एवं कम से कम 5 (पॅाच) डॉक्टरों का पदस्थापन करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## जनप्रतिनिधि को बुलाने का विचार

***585 श्री राजवंशी महतो (चेरिया बरियारपुर ):**

**स्वास्थ्य** क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के चेरियाबरियारपुर विधान सभा अंतर्गत स्वास्थ्य उपकेंद्र सकरवासा, स्वास्थ्य उपकेंद्र महेशवारा, स्वास्थ्य उपकेंद्र, मसुराज, स्वास्थ्य उपकेंद्र, बरियारपुर पूर्वी एवं पश्चिमी इत्यादि 10 उपकेंद्र का भवन बनाया गया है, परन्तु शिलान्यास के समय स्थानीय जनप्रतिनिधि का नहीं बुलाया गया है तथा सिविल सर्जन द्वारा बताया गया कि स्थानीय जनप्रतिनिधि के बुलाने पर रोक है, यदि हाँ तो सरकार बेगुसराय जिला के चेरियाबरियारपुर विधानसभा में स्वास्थ्य विभाग के स्वास्थ्य केंद्र उपकेंद्र के शिलान्यास के समय जनप्रतिनिधि के आमंत्रण पर लगे रोक को हटाकर स्थानीय जनप्रतिनिधि को बुलाने का विचार रखती है, हां तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

स्वास्थ्य भवन का निर्माण

***586 श्री अख्तरूल इस्लाम शाहीन (समस्तीपुर ):**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला अंतर्गत प्रखंड समस्तीपुर एवं प्रखंड ताजपुर में ग्राम विक्रमपुर बांदे, आधारपुर एवं भेरोखड़ा में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्वीकृत है एवं स्वास्थ्य भवन निर्माण हेतु जमीन भी उपलब्ध है, इसके बावजूद उन क्षेत्रों में स्वास्थ्य भवन का निर्माण विभाग द्वारा नहीं कराया गया है जिसके कारण स्वास्थ्य सेवा संचालित नहीं होने से खासकर गरीब लोगों को स्वास्थ्य सेवा एवं सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है जिसका प्रतिकूल प्रभाव उनके स्वास्थ्य पर पड़ रहा है, यदि हाँ तो सरकार कब तक उक्त वर्णित क्षेत्रों में स्वास्थ्य भवन का निर्माण कार्य कराना चाहती है, नहीं तो क्यों ?

----

## स्पेशलिटी हॉस्पिटल बनवाना

***587 श्री मनोज कुमार यादव (कल्याणपुर):**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः- 1.क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत प्रखण्ड कोटवा मुख्यालय के निकट हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर जसौली जमुनिया के प्रांगण में गैरमजरूआ भूमि लगभग सात एकड़ उपलब्ध है, जहाँ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल बनाने के लिए सभी शर्तें पूरा करता है; 2.यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार कब तक गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को उच्च

विशेषज्ञता युक्त स्वास्थ सेवा उपलब्ध कराने के लिए उक्त वर्णित स्थान पर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल खोलने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

कार्रवाई करना

***588 श्री अमर कुमार पासवान (बोचहां):**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग यह बतलाने का कृपा करेगें कि :- 1. क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के बोचहां विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत मुशहरी प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मुशहरी में चिकित्सा प्रभारी रोस्टर के अनुरूप स्वास्थ्य केन्द्र में उपस्थित नहीं रहते हैं तथा सुरक्षा गार्ड द्वारा रोगियों का प्राथमिक उपचार किया जाता है जिसकी खबर अखबारों में प्रमुखता से प्रकाशित की गई है; 2. क्या यह बात सही है कि उपस्थिति पंजी में अग्रिम हाजिरी बनाई जाती है जो स्वेच्छाधारिता की पराकाष्ठा और कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही है; 3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मुशहरी में कार्य में अनियमितता करने वाले और रोगी के जिन्दगी से खिलवाड़ करने वाले प्रभारी चिकित्सक एवं इससे जुड़े स्वास्थ्य कर्मी पर कारवाई करने एवं व्यवस्था दूरूस्त करने का विचार रखती है, हाँ तो कब तक नहीं तो क्यों ?

----

## स्मार्ट मीटर नहीं लगाना

***589 श्री विनय बिहारी (लौरिया):**

**ऊर्जा :-**

क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि ः- 1.क्या यह बात सही है कि राज्य में विभाग द्वारा घर-घर स्माट मीटर लगवाय जा रहा है; 2.क्या यह बात सही है कि राज्य के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में भी डरा-धमका कर विद्युतीय सेवा बाधित करके उपभोक्ताओं के घर जबर्दस्ती स्मार्ट मीटर लगाया जा रहा है; 3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल स्मार्ट मीटर नहीं लगाने का विचार रखती नहीं, तो क्यों ?

----

महिला चिकित्सक की रात्रि डयूटी

***590 श्री चेतन आनंद ( शिवहर):**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि

शिवहर जिला अस्पताल में रात्रि में महिला चिकित्सक की ड्यूटी नहीं रहने के कारण महिला मरीजों को कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ तो सरकार कब तक उक्त अस्पताल में महिला चिकित्सक की रात्रि ड्यूटी देने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## एग्रीकल्चर फीडर का निर्माण

***591 श्रीमती संगीता कुमारी (मोहनिया):**

**ऊर्जा :-**

क्या मंत्री, उर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि ः- 1 क्या यह बात सही है कि कैमूर जिलान्तर्गत मोहनियॅा प्रखंड के 18 पंचायत में से 08 में एवं कुदरा प्रखंड के 15 पंचायत में से 4 में डेडिकेटेड एग्रीकल्वर फीडर नहीं है; 2.क्या यह बात सही है कि उक्त पंचायतों में डेडिकेटेड एग्रीकल्चर फीडर के तहत 16 एवं 25 केवी का ट्रांसफार्मर नहीं लग पाने के कारण किसानों को कम दर पर बिजली की आपूर्ति नहीं हो पा रही है; 3.यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए कब तक उक्त पंचायतों में डेडिकेटेड एग्रीकल्वर फीडर का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----

## जाँच करवाना

***592 श्री मुकेश कुमार रौशन (महुआ ):**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के महुआ विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत चिकित्सा महाविद्यालय का निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जिसमें संवेदक द्वारा धीमी गति के साथ ही मानक के अनुरूप कार्य नहीं कराया जा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कब तक निर्माण कार्यों की जॅाच कराते हुए अस्पताल शुरू करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----

जर्जर तार बदलना एवं ट्रांसफार्मर लगाना

***593 श्री महा नंद सिंह (अरवल ):**

**ऊर्जा :-**

क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि - 1. क्या यह बात सही है कि अरवल जिला के कलेर प्रखण्ड के गाँवों में बिजली तार काफी जर्जर है जिससे विद्युत स्पर्शघात से कोडिहरा, कलेर समेत कई गावों में आदमी एवं मवेशी की मृत्यु हो गई है, साथ ही कृषि कार्य के लिए ट्रांसफार्मर लगाने की प्रक्रिया काफी धीमी है जिससे कलेर के

लक्ष्मनपुर बाथे, परशुरामपुर, अरवल प्रखण्ड के रामपुर वैना समेत दर्जनों गाँव में कृषि कार्य में बिजली उपलब्ध नहीं होने से दिक्कतें हो रही है, यदि हाँ तो सरकार कबतक अरवल, कलेर प्रखंडों के सभी गावों के जर्जर तार बदलने, कृषि कार्य हेतु गावों में ट्रांसफार्मर लगाने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

उच्चस्तरीय जॅाच कराना

***594 श्रीमती मीना कुमारी (बाबूबरही):**

**ऊर्जा :-**

क्या मंत्री, उर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि ः- 1 क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला अंतर्गत बाबूबरही विधान सभा क्षेत्र में बिजली से संबंधित सभी कार्यों हेतु जे०के० इलेक्ट्रिकल कंपनी को टेंडर दिया गया है; 2. क्या यह बात सही है कि उक्त कंपनी के द्वारा बाबूबरही, लदनियां एवं खजौली प्रखंडो में बिजली से संबंधित कार्य यथा नया पोल लगाना, तार बिछाना आदि के कार्य निष्पादन में लापरवाही बरतने के साथ-साथ कार्य के प्रति जागरूक नहीं है जिससे विद्युत उपभोक्ताओं को आये दिन विद्युत आपूर्ति में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है; 3.यदि उपर्युक्त खंडों का उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कब तक उक्त एजेंसी की कार्य प्रणाली की उच्च स्तरीय जॅाच कराकर क्षेत्र में बिजली से संबंधित लंबित कार्य को पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----

## कार्रवाई करना

***595 श्री जय प्रकाश यादव (नरपतगंज):**

**स्वास्थ्य** क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:- क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत नरपतगंज विधानसभा में बीआईएमसीएल (BIMCL) कंपनी द्वारा निर्मित सिमरबनी APHC एवं सिरसिया कला व रघुनाथपुर HSC का निर्माण कार्य वर्षों से अधूरा पड़ा हुआ है एवं निर्माण कार्य करने वाली एजेंसी/कंट्रेक्टर का कोई अता पता नहीं है, यदि हाँ तो सरकार निर्माण कार्य को अधूरा छोड़ने वाली एजेंसी/कंट्रैक्टर के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए कब तक निर्माण कार्य को पूर्ण करवाने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## भवन का पुनर्निर्माण करना

***596 श्री हरीभूषण ठाकुर "बचोल" (बिस्फी):**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि

मधुबनी जिला के बिस्फी प्रखंड अंतर्गत राजकीय आयुर्वेद औषधालय, मुरलिया चक का भवन जर्जर है, जिससे आम जनता को स्वास्थ्य सेवा का समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा है, यदि हाँ तो सरकार कब तक उक्त औषधालय के भवन का पुनर्निर्माण कर सुचारू रूप से स्वास्थ्य सेवा बहाल कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

रिंग बांध निर्माण कार्य प्रारंभ करना

***597 श्री राज कुमार सिंह (मटिहानी ):**

**आपदा प्रबंधन** क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के मटिहानी विधान सभा अंतर्गत चकिया से लेकर खोरमपुर तक प्रस्तावित रिंग बांध का निर्माण नहीं होने से निचले इलाके के हजारों लोग प्रत्येक वर्ष भीषण बाढ़ से प्रभावित होते हैं और इनके जानमाल की क्षति होती है, यदि हाँ तो सरकार कब तक रिंग बांध निर्माण कार्य प्रारंभ करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

खाते में राशि भेजना

***598 श्री कुमार शैलेन्द्र (बिहपुर ):**

**आपदा प्रबंधन** क्या मंत्री,आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:- 1. क्या यह बात सही है कि वर्ष-2024 में आयी बाढ़ में भागलपुर जिला अन्तर्गत नारायणपुर प्रखंड के शहजादपुर पंचायत के ग्राम नरूद्दीनपुर,वार्ड नं0-03 के 275 बाढ़ प्रभावित लाभार्थी परिवार में से 100 छूटे हुए लाभार्थी के खाते में अभी तक आपदा प्रबंधन द्वारा सहायता राशि नहीं भेजी गई है, यदि हाँ तो सरकार कब तक उक्त शेष 100 छूटे हुए लाभार्थी परिवारों के खाते में सहायता राशि भेजने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ;

----

लो बोल्टेज की समस्या का निराकरण करना

***599 श्री सैयद रूकनुददीन अहमद (बैसी):**

**ऊर्जा** क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेगें कि क्या यह बात सही है कि पूर्णिया जिला के बायसी विधान सभा अन्तर्गत पुरानागंज पंचायत के वार्ड न0-2 नवाबगंज, शुगवा महानंदपुर पंचायत के बागडोव ग्राम, बायसी पंचायत के कदवॉ वार्ड न0-15 में वोल्टेज लो रहने के कारण हमेशा परेशानी होती है तथा ग्रामीणों द्वारा अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगा कर हाई भोल्टेज करने की मांग की जाती रही है, यदि हाँ तो सरकार कब तक ऊपर वर्णित ग्रामों में अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगा कर लो वोल्टेज की समस्या का निराकरण करने का विचार रखती है, नही तो क्यों ?

----

कृषि फीडर बिजली संयोजन (लाईन) स्थापित करना

***600 श्रीमती प्रतिमा कुमारी (राजा पाकर ):**

**ऊर्जा** माननीय मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के सहदेई बुजुर्ग प्रखण्ड अन्तर्गत पोहियार बुजुर्ग पंचायत में कृषि फीडर बिजली संयोजन (लाइन) नहीं होने से किसानों को सिंचाई हेतु बोरिंग (पंपसेट) नहीं चल पाता है, जिससे फसलें बर्बाद हो रही हैं, यदि हाँ तो सरकार कब तक उक्त पंचायत में कृषि फीडर बिजली संयोजन (लाईन) स्थापित करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## उपकरण उपलब्ध कराना

***601 श्री अनिल कुमार (बथनाहा):**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला अंतर्गत बथनाहा प्रखंड अवस्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बथनाहा में स्वास्थ्य संबंधी उपकरणों के अभाव से आम जनता को ईलाज कराने में काफी समस्या होती है, यदि हाँ तो सरकार कब तक उक्त स्वास्थ्य केंद्र में उपकरणों के अभाव को पूर्ण करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## जी0आर0 की राशि का भुगतान

***602 श्री राजेश कुमार सिंह (हथुआ):**

**आपदा प्रबंधन :-**

क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेगें किः- 1. क्या यह बात सही है कि चालू वित्तीय वर्ष-2024-25 के गंगा नदी में आई बाढ़ से मोहिउदीन नगर विधानसभा क्षेत्र के प्रखण्ड- मोहिउद्दीन नगर एवं मोहनपुर के कई पंचायत की पूर्ण आबादी तथा कुछ पंचायत की आंशिक आबादी बाढ़ से प्रभावित हुई है; 2. क्या यह बात सही है कि वर्ष-2021 के बाढ़ प्रभावित परिवारों के अतिरिक्त पंचायत स्तर पर बढे़ (वृद्वि) परिवारों का नाम जी0आर0 की राशि के भुगतान से संबंधित सूची में सम्मिलित नहीं हो पा रहा है, क्योंकि बाढ़ आपदा से संबंधित सम्पूर्ति पोर्टल राज्य स्तर से बंद है; 3. क्या यह बात सही है कि बाढ़ से प्रभावित परिवारों को मिलनेवाली जी0आर0 की राशि का भुगतान आंवटन की उपलब्धता के बावजूद लंबित है; 4. यदि उपर्युक्त खंडो के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार बाढ़-आपदा से लंबित परिवारों को कब-तक जी0आर0 की राशि के भुगतान का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## भवन निर्माण कराना।

***603 श्री विजय कुमार (शेखपुरा ):**

**स्वास्थ्य** क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेगें कि क्या यह बात सही है कि शेखपुरा जिला के घाटकुसुम्भा प्रखंड अन्तर्गत पानापुर पंचायत के ग्राम-आलापुर में विगत 30 वर्षों से उपस्वास्थ्य केन्द्र किराये के मकान में चल रहा है एवं उक्त स्वास्थ्य केन्द्र पर एक सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सी०एच०ओ०), ए०एन०एम० एवं ए०एन०एम०आर० का पदस्थापना किया गया था जो 02 वर्षों तक सेवा देने के बाद ड्यूटी से अचानक गायब हो गए है, जबकि प्रश्नकर्ता द्वारा अपने पत्रांक-108/2024, दिनांक-27.08.2024 के माध्यम से विभागीय मंत्री के अलावे पत्रांक-109/2024, दिनांक-27.08.2024 को अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य विभाग को पदस्थापित कर्मियों के विरूद्ध कार्रवाई करने के साथ-साथ उप स्वास्थ्य केन्द्र का भवन निर्माण कराने हेतु पत्र उपलब्ध कराया गया है, परन्तु अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है, यदि हाँ तो सरकार कब तक उच्च स्तरीय जाँच कराते हुए पदस्थापित कर्मियों के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नही, तो क्यों?

----

मानदेय देने का विचार

***604 श्री कौशल किशोर (राजगीर ):**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः- 1. क्या यह बात सही है कि राज्य के शहरी क्षेत्रों में बाह्य सत्रों पर टीकाकरण सहित अन्य कार्य हेतु राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार के विज्ञापन सं0-03/2020 के आलोक में 865 एएनएम की नियुक्ति तीन वर्ष पूर्व संविदा पर की गयी थी जिसको 11500/-रूपया मानदेय प्रतिमाह दिया जा रहा है; 2. क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार द्वारा संविदा पर नियुक्त एएनएम कर्मियों को 17500/- रूपये मानदेय दिया जा रहा है; 3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार खंड-2 में वर्णित संविदा पर एएनएम की तरह राज्य स्वास्थ्य समिति में नियुक्त संविदा एएनएम को 17500/-रूपये मानदेय देने का विचार रखती है, हां तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## कार्रवाई करना

***605 श्री शकील अहमद खाँ (कदवा):**

**ऊर्जा** क्या मंत्री, उर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला अंतर्गत कदवा प्रखंड के धपरसिया ग्राम पंचायत के वार्ड नं०-8 नया टोला

मोहना में लगभग 50 परिवारों को विधुत कनेक्शन एक वर्ष पूर्व आवेदन जमा करने के बावजूद अभी तक नहीं दिया गया है, यदि हां तो सरकार कब तक विधुत कनेक्शन देने में विलम्ब करने वाले पदाधिकारियों पर कार्रवाई करते हुए कनेक्शन देने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

विद्युत आपूर्ति बहाल करना

***606 श्री अरूण सिंह (काराकाट):**

**ऊर्जा :-**

क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेगें कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के काराकाट विधान सभा अंतर्गत प्रखण्ड-काराकाट में लगभग 30,000/- विद्युत आपूर्ति बाधित होने पर ससमय विद्युत आपूर्ति बहाल नहीं किया जाता है, यदि हाँ तो सरकार उक्त प्रखण्ड अंतर्गत सकला बाजार पर अतिरिक्त सेक्शन स्थापित करते हुए निर्बाध विद्युत आपूर्ति बहाल कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## विद्युत आपूर्ति सुधार करना

***607 श्री कुंदन कुमार (बेगूसराय ):**

**ऊर्जा :-**

क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने कि कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला मुख्यालय के ग्रिड पर अत्यधिक लोड होने के कारण अक्सर विद्युत आपूर्ति बाधित होती रहती है, यदि हाँ तो सरकार कब तक जिला मुख्यालय में विद्युत आपूर्ति सुधारने हेतु एक नये विद्युत सबस्टेशन का स्थापना करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

पावरग्रीड से जोड़ना

***608 श्री राणा रणधीर (मधुबन):**

**ऊर्जा :-**

क्या मंत्री, उर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेगें कि - 1. क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के फेनहारा प्रखंड के गोबिन्दबारा पावर सब स्टेशन को मेहसी ग्रीड से जोड़ा गया है, जिसकी दूरी लगभग 60 किमी है, किन्तु अधिक दूरी के कारण खराब मौसम में पावर सप्लाई का बाधित होना तथा बार-बार फॉल्ट आने की समस्या बनी रहती है, 2. क्या यह बात सही है कि गोबिन्दबारा पावर सब स्टेशन से महज 10 किमी की दूरी पर पकड़ीदयाल प्रखंड के छपरा-बिहारी भुसौलवा ग्राम में पावर ग्रीड स्थित है, 3. यदि

उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार गोबिन्दबारा पावर सब स्टेशन को छपरा-बिहारी भुसौलवा ग्राम स्थित पावर ग्रीड से जोड़ने का विचार रखती है, हॅा तो कबतक नही तो क्यों ?

----

## नये फीडर का निर्माण करना

*609 **श्रीमती निशा सिंह (प्राणपुर)ः**

**ऊर्जा** क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला अन्तर्गत प्राणपुर विद्युत उपकेंद्र (33/11KV) को कदवा प्रखंड के सनौली से 33 KV विद्युत आपूर्ति किए जाने के कारण ग्रीष्म एवं वर्षा ऋतु में समस्त प्राणपुर क्षेत्र में पावर कट, ब्रेकडाउन की भीषण समस्या बनी रहती है, यदि हाँ तो सरकार कब तक नवनिर्मित मनिहारी ग्रीड (132/33KV) से प्राणपुर विद्युत उपकेंद्र को 33 केवि का नया फीडर निर्माण कर विद्युत् आपूर्ति कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## आई बैंक की स्थापना

*610 **श्री विजय कुमार खेमका (पूर्णिया)ः**

**स्वास्थ्य :-**

माननीय मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :- 1. क्या यह बात सही है कि दधीचि देहदान समिति के प्रयास से पूर्णिया सहित राज्य में नेत्रदान की संख्या बढ़ी है, परन्तु नेत्रदान हेतु पूर्णिया मेडिकल कॉलेज में आई बैंक नहीं है; 2.क्या यह बात सही है कि पूर्णिया मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में आई बैंक स्थापित होने से नेत्रदान के लिए प्रोक्योरमेन्ट युनिट द्वारा नेत्रदान प्रक्रिया सरल और सुलभ होगी तथा नेत्रहीनों को रोशनी मिलेगी; 3.यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार पूर्णिया राजकीय मेंडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में आई बैंक की स्थापना करने का विचार रखती है, हॅा तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## पदस्थापन करना

*611 **श्रीमती कविता देवी (कोरहा)ः**

**स्वास्थ्य** क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि, कोढ़ा विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत प्रखण्ड कोढ़ा में सामुदायिक स्वास्थ केंद्र कोढ़ा में चिकित्सक का स्वीकृत पद तेरह (13) है जिसमे मात्र दो M.B.B.S के सहारे सी०एच०सी चल रहा है, यदि हाँ सरकार कब तक उक्त सा0 स्वा० केंद्र मे चिकित्सकों का पदस्थापन कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## स्वा० उपकेन्द्र संचालित कराना।

***612 श्रीमती मंजु अग्रवाल (शेरघाटी):**

**स्वास्थ्य** क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि स्वास्थ्य विभाग के ज्ञाप सं0-136(10) दिनांक-22.02.2024 में सिविल सर्जन गया को यह निर्देश दिया गया है कि गया जिलान्तर्गत प्रखण्ड-आमस स्थित स्वा० उपकेन्द्र पिंडरा, प्रखण्ड शेरघाटी स्थित स्वा० उपकेन्द्र समोदबिगहा एवं प्रखण्ड डोभी स्थित स्वा० उपकेन्द्र पीड़ासीन को अतिशीघ्र नए भवन में संचालित किया जाना है, परन्तु नौ माह बीत जाने के बाद भी विभाग द्वारा ना ही भवन को हस्तगत कराया गया है, ना ही केंद्र को संचालित किया जा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कब तक उक्त केन्दों को हस्तगत कराकर संचालित करने का विचार करती है, नहीं तो क्यों ?

----

## गेस्ट हाउस एवं सीढ़ी घाट का निर्माण

***613 डॉ. संजीव कुमार (परबत्ता ):**

**पर्यटन** क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि - 1. क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिला के परबत्ता विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत अगुवानी सुलतानगंज पुल के निर्माण के साथ यहां पर हैंगिंग डॉल्फिन ऑब्जर्वेटरी का निर्माण हो रहा है; 2. क्या यह बात सही है कि आने वाले पर्यटकों और दर्शकों के लिए गेस्ट हाउस और सीढ़ी घाट नहीं होने के कारण पर्यटकों को रहने एवं दर्शन करने में असुविधा हो रही है; 3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार उक्त स्थान पर गेस्ट हाउस एवं सीढ़ी घाट का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## कार्रवाई नहीं किये जाने का औचित्य

***614 श्री अजय कुमार सिंह (जमालपुर, मुंगेर ):**

**योजना एवं विकास** क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के जमालपुर विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत दलित समुदाय के लिए वर्कशेड निर्माण हेतु प्रकाशित निविदा सं०-10/2023-24, दिनांक 11.10.2023 के निस्तारण एवं क्रियान्वयन में हुए विलंब के लिए दोषी पदाधिकारी को चिह्नित करने हेतु विभागीय पत्रांक 4018, दिनांक 22.07.2024 निर्गत किया गया है परंतु इस दिशा में अब तक कार्रवाई नहीं हुई है, यदि हाँ, तो विभागीय निदेश के बावजूद अब तक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं किये जाने का क्या औचित्य है ?

----

प्रसव की व्यवस्था

***615 श्री ललित नारायण मंडल (सुल्तानगंज ):**

**स्वास्थ्य** क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिले के सुलतानगंज नगर परिषद के बीच बाजार में एक अति पुराना महिला अस्पताल में प्रसव की सुविधा थी, जो वर्त्तमान में नहीं है, साथ ही यहां महिला चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति नहीं की गयी है, यदि हाँ तो सरकार उक्त महिला स्वास्थ्य केंद में पुनः प्रसव की व्यवस्था कब तक कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## भवन का नवनिर्माण

*616 **श्री चन्द्रहास चौपाल (सिंहेश्वर):**

**स्वास्थ्य** क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला के सिंहेश्वर प्रखंड अंतर्गत बहेरी पंचायत के वार्ड नं0 7 में अवस्थित उप स्वास्थ्य केंद्र का भवन जर्जर है तथा यहॉं डॉक्टर/नर्स कभी नहीं आते हैं, जिसके कारण स्थानीय लोगों सहित आमजनों को इस उप स्वास्थ्य केंद्र का लाभ नहीं मिल पाता है, यदि हां तो सरकार कब तक उक्त उप स्वास्थ्य केंद्र के भवन का नवनिर्माण करने के साथ वहाँ डाक्टर की प्रतिनियुक्ति कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

सिविल कोर्ट बनाना

*617 **श्री समीर कुमार महासेठ (मधुबनी):**

**विधि** क्या मंत्री, विधि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सिविल कोर्ट परिसर, मधुबनी में बहुत-सी जमीन खाली पड़ी है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त जमीन पर नयायिक कार्य में शामिल अधिवक्ताओं की सुविधा के लिए वकालतखाना एवं मुख्तरखाना बनाने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## कार्रवाई करना

*618 **श्री प्रणव कुमार (मुंगेर ):**

**स्वास्थ्य** क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सदर अस्पताल मुंगेर स्थित नवनिर्मित एस एन सी यू वार्ड में अस्पताल प्रबंधन और स्टाफ के लापरवाही के कारण मरीजों के लिए व्हीलचेयर तथा स्ट्रेचर की व्यवस्था नहीं की गई है, जिसके कारण मरीज को खुद की व्यवस्था से वार्ड तक ले जाना पड़ता है तथा उनके परिजनों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कब तक इसकी जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई करने तथा व्यवस्था में सुधार करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## कवर तार लगाना

***619 श्री विद्या सागर केशरी (फोर्बेस्गंज):**

**ऊर्जा** क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :- 1.क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत फारबिसगंज नगर परिषद के प्रमुख मार्ग सदर रोड, अस्पताल रोड, एस०के०रोड सहित पूरे नगर में बिजली पोल दुकानदारों की मिलीभगत से सड़क के किनारे से 4-5 फीट अन्दर सड़क पर लगाया गया है एवं शहर में हाई वोल्टेज जर्जर व खुली तार लगी हुई है; 2.क्या यह बात सही है कि सड़कों पर पोल के कारण सड़क दुर्घटना, जाम व शहर में जर्जर खुली तार से अप्रिय घटना की आशंका बनी रहती है; 3.यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो सरकार कब तक उक्त मार्ग व शहर से बिजली पोल को सड़क किनारे शिफ्टिंग करने एवं खुली तार के स्थान पर कवर तार लगाने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## नाम बदलना

***620 श्री उमाकांत सिंह (चनपटिया):**

**स्वास्थ्य** क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

1. क्या यह बात सही है कि किसी भी व्यक्ति द्वारा राज्य सरकार को भूमि दान में देने पर उस स्थान पर निर्मित भवन का नाम दान देने वाले व्यक्ति के नाम से कर दिया जाता है;
2. क्या यह बात सही है कि पश्चिम चंपारण जिला अंतर्गत गवर्मेंट मेडिकल कॉलेज एंव अस्पताल की जमीन महारानी जानकी कुंवर द्वारा दान में दी गई है;
3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार कब तक गवर्मेंट मेडिकल कॉलेज एंव अस्पताल का नाम महारानी जानकी कुंवर मेडिकल कॉलेज एंव अस्पताल करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

मुआवजे की राशि देना

***621 श्री शिव प्रकाश रंजन (अगिआंव ):**

**आपदा प्रबंधन** क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने कि कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत प्रखंड-गडहनी के ग्राम-निर्मल नगर(पडरिया), पंचायत-काऊप निवासी अनिता कुमारी (13 वर्ष), पिता-मनोज कुमार राम की मृत्यु दिनांक-17.05.2023 को तथा गडहनी उत्तरपट्टी निवासी दानिश हसन, पिता-इमामुल होदा की मृत्यु दिनांक-02.11.2022 को बनास नदी में डूबने से हो गई थी लेकिन आज तक इन्हें मुआवजे की राशि प्रदान नहीं की गई, यदि हाँ तो सरकार कब तक उक्त मृतकों के आश्रितों को मुआवजे की राशि प्रदान करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## प्रतिवेदन उपलब्ध कराना

***622 श्री बीरेन्द्र सिंह (वजीरगंज ):**

**योजना एवं विकास** क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समाहरणालय गया (जिला कल्याण कार्यालय) के पत्रांक-2902, दिनांक 03.09.2024 द्वारा कार्यपालक अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमंडल-01 गया को महादलित सामुदायिक भवन सह वर्क शेड का निर्माण हेतु स्थल जांच कर भौतिक सत्यापन प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है, किन्तु इस सम्बन्ध में अब तक कोई भी कार्रवाई नहीं किये जाने के कारण सरकार की योजनाओं का लाभ महादलित परिवार को नहीं मिल पा रहा है एवं विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं, यदि हाँ तो सरकार कब तक दोषी पदाधिकारी पर कार्रवाई करते हुए वांछित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## दरगाह कमिटी को सौंपना

***623 श्री रामबली सिंह यादव (घोसी ):**

**पर्यटन :-**

स्थानीय उर्दू दैनिक समाचार पत्र में दिनांक 12.09.2024 को छपी शीर्षक "सूफी महोत्सव के आयोजन से सूफी शिक्षा प्रचार-प्रसार का प्रयास विफल" महोत्सव सिर्फ गीत संगीत तक सीमित" नवनिर्मित भवन व बंद दुकानों से वक्फ बोर्ड और दरगाह कमिटी को लाखों का नुकसान को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः- 1. क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिला के काको में अवस्थित सूफी संत विवि कमाल के मजार पर पर्यटन विभाग द्वारा प्रति वर्ष सूफी महोत्सव का आयोजन किया जाता है; 2. क्या यह बात सही है कि सूफी संत विवि कमाल का दरगाह के विकास हेतु करोड़ों रूपये की लागत से पूर्व से अतिथिशाला एवं दुकानें बनकर तैयार है, लेकिन उसमें अभी तक ताला लगा हुआ है, साथ ही अभी तक दरगाह कमिटी को हस्तगत नहीं किया गया है, जिससे वक्फ बोर्ड एवं दरगाह कमिटी को राजस्व का लाखों का नुकसान हो रहा है; 3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार दरगाह के विकास हेतु इसे दरगाह कमिटी को सौंपने का विचार रखती है, हॅा तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## स्थानांतरित करना

***624 श्री राकेश कुमार रौशन (इस्लामपुर, नालन्दा ):**

**योजना एवं विकास :-**

क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालंदा जिला में इस्लामपुर में प्रतिनियुक्त सांख्यिकी पदाधिकारी, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत करने में अवैध वसूली का मामला जिलाधिकारी की जॅाच प्रतिवेदन में

पत्रांक-1553, दिनांक-25.09.2024 द्वारा पाया गया है, यदि हाँ, तो सरकार दोषी सरकारी सेवक के विरुद्ध कार्यकलाप की जाँच करते हुए नियमानुसार कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## भवन का निर्माण

***625 श्री पवन कुमार यादव (कहलगांव ):**

**स्वास्थ्य** क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि- 1. क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के कहलगांव प्रखंड अंतर्गत कोदवार एवं जानमहम्मदपुर में स्वास्थ्य उपकेंद्र का अपना भवन नहीं है; 2. क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों स्वास्थ्य उपकेंद्र का अपना भवन बनाने की स्वीकृति हुई है, जिसका निर्माण अब तक प्रारंभ नहीं हुआ है; 3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार उक्त दोनों स्वास्थ्य उपकेंद्र के भवन का निर्माण कब तक कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## सुरक्षा दीवार बनवाना

***626 श्री भीम कुमार सिंह (गोह ):**

**आपदा प्रबंधन** क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला अंतर्गत गोह प्रखंड के तेयाप पंचायत के ग्राम गोरकट्टी एवं उपहरा पंचायत के ग्राम बैजलपुर गांव का अस्तित्व पुनपुन नदी के कटाव के कारण खतरे में है; यदि हाँ तो सरकार कब तक कटाव को रोकने हेतु सुरक्षा दीवार बनाने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

पदस्थापन करना

***627 श्री अजय कुमार (बिभूतिपुर ):**

**स्वास्थ्य** क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत सदर अस्पताल, समस्तीपुर में विभिन्न बिमारियों के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों का स्वीकृत पद 49 है, जिसके विरुद्ध 20 चिकित्सक ही पदस्थापित हैं, यदि हाँ, तो सरकार कब तक रिक्त पदों पर विशेषज्ञ चिकित्सकों को पदस्थापित करने का विचार रखती है, नहीं तो, क्यों ?

----

## फिजियोथेरेपी सामग्री की उपलब्धता

***628 श्री श्यामबाबू प्रसाद यादव (पिपरा, पूर्वी चंपारण):**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः 1.क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिला अंतर्गत अनुमंडलीय अस्पताल चकिया में दो फिजियोथैरेपिस्ट पदस्थापित हैं; 2.क्या यह बात सही है कि फिजियोथेरेपी मरीजों के लिए आवश्यक सामाग्री जैसे शॉर्ट वेव डायथर्मी (SWD), इंट्राफ्रैक्सनल थेरेपी (IFT), अल्ट्रासोनिक थेरेपी, लेजर थेरेपी, इंटरमिटेंट ट्रेक्शन मशीन विथ बेड, इन्फ्रा रेड लैंप इत्यादि अस्पताल में उपलब्ध नहीं है जिससे मरीजों को लाभ नहीं मिल पाता है; 3.यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार कब तक उक्त अस्पताल में आवश्यक फिजियोथेरेपी सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----

## कार्रवाई करना

*629 **श्री संदीप सौरव (पालीगंज ):**

**ऊर्जा :-**

क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि - 1.क्या यह बात सही है कि दिनांक 5.10.2024 को पटना जिलांतर्गत पालीगंज प्रखंड के करकटबिगहा गाँव में संबंधित बिजली एजेंसी 'पोलिक कैब' की लापरवाही के कारण मंदिर में करंट आने से 1 महिला की मृत्यु तथा 7 महिलाओं और 1 बच्चे के झुलस जाने की घटना हुई, 2.क्या यह बात सही है कि ज़िला प्रशासन और एजेंसी द्वारा सभी घायलों के समुचित इलाज की घोषणा करने के बावजूद उन्हें इलाजरत अवस्था में ही छोड़ दिया गया जिसके कारण 5 घायलों की स्थिति अभी भी गंभीर बनी हुई है और धनाभाव में वो लोकल प्राइवेट अस्पताल में पड़े हुए हैं, 3.यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार सभी घायलों को मुआवज़ा देने, उनका समुचित इलाज करवाने तथा लापरवाही बरतने वाली उक्त एजेंसी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## लिपिक की नियुक्ति

*630 **श्री मिथिलेश कुमार (सीतामढ़ी):**

**स्वास्थ्य** क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि माननीय उच्च न्यायालय पटना के समादेश याचिका सं0-10627/2022 दिनांक 11.08.2022 के पारित आदेश में लिपिक को अभी या भविष्य में कभी भी सीतामढ़ी में पदस्थापना नहीं करने का आदेश दिया गया था, उक्त आदेश के प्रतिकूल, संबंधित लिपिक की पदस्थापना स्वास्थ्य विभाग पटना के ज्ञापांक-812(4) दिनांक 28.08.2024 के द्वारा पुनः सीतामढ़ी कर दिया गया है, यदि हाँ तो सरकार कब तक संबंधित लिपिक की मूल नियुक्ति जिला मधुबनी में पदस्थापन करना चाहती है, नहीं तो क्यों ?

----

जर्जर विद्युत तार बदलना

***631 श्री विजय कुमार (गुरुआ):**

**ऊर्जा** क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के गुरारू प्रखण्ड अन्तर्गत तिलोरी पंचायत के ग्राम बन्दौल के गलियों में जर्जर विद्युत तार गुजरा है, जिसके चलते आये दिन दुर्घटना हो रही है, यदि हॉ तो सरकार कब तक उक्त गॉवों के जर्जर विद्युत तार बदलने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण

***632 श्री विजय कुमार सिंह उर्फ डब्लू सिंह (नबीनगर ):**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:- 1.क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता द्वारा औरंगाबाद जिला के नवीनगर विधान सभा क्षे़त्र में 11 स्वास्थ्य उपकेंद्रों के निर्माण हेतु अनुशंसा पिछले वित्तीय वर्ष एवं चालू वित्तीय वर्ष में भेजी गयी है; 2.क्या यह बात सही है कि सभी अनुशंसित स्वास्थ्य उपकेंद्रों का निर्माण अभी तक लंबित है, यदि हाँ तो इसका क्या औचित्य है ?

----

100 के०बी०ए० का ट्रांसफार्मर लगाना

***633 श्री शम्भू नाथ यादव (ब्रह्मपुर ):**

**ऊर्जा :-**

क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :- 1. क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के ब्रम्हपुर विधान सभा में कृषि हेतु बिजली लगाने का कार्य टेक्नो० प्रा0 लिमिटेड कम्पनी को 2022 में दिया गया था; 2. क्या यह बात सही है कि उक्त कम्पनी द्वारा दियारा क्षेत्र की पंचायतें,-क्रमशः नगपुरा, केशोपुर, राजपुर कला, राजपुर परमनसाह, जवही, महुआर, दक्षिणी नैनीजोर, उत्तरी नैनीजोर में कोई भी कार्य कम्पनी द्वारा नहीं किया गया है; 3. क्या यह बात सही है कि उक्त कम्पनी द्वारा जहॉ भी बिजली का ट्रांसफार्मर लगाया गया है, वहॅा 65 के०बी० का है, जो किसानों के लिए उपयुक्त नहीं है, बार-बार लोड बढ़ने से लाईन बाधित हो जाता है; 4. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार कब तक उपर वर्णित पंचायतों में लाईन का कार्य कराकर सभी जगहों पर- 100 के0बी0ए० का ट्रांसफार्मर लगाने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## हाई टेंशन तार को NH-727 पर पूर्व से लगे पोल पर लगाना

***634 श्री राम सिंह (बगहा):**

**ऊर्जा :-**

क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि- 1. क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चंपारण जिला अंतर्गत बगहा-1 प्रखंड में ग्राम पंचायत राज लगुनाहा चौतरवा के कस्बा चौतरवा की आबादी काफी घनी है, चौतरवा घनी बस्ती के ऊपर से ग्यारह हजार वोल्ट का हाई टेंशन तार घरों के तरफ काफी झुका हुआ है; 2.क्या यह बात सही है कि वर्ष 2023 के माह मई-जून में हाई टेंशन तार के संपर्क में आने से एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई थी; 3.यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार ग्यारह हजार वोल्ट हाई टेंशन तार को NH-727 पर पूर्व से लगे पोल पर लगवाने का विचार रखती है, नही तो क्यों ?

----

## भवन का निर्माण

***635 डॉ. रामानुज प्रसाद (सोनपुर ):**

**स्वास्थ्य** क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला के सोनपुर प्रखंड अंतर्गत अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र सबलपुर कचहरी बाजार के अस्पताल भवन का निर्माण कार्य बंद होने के कारण अस्पताल कर्मियों एवं मरीजों को कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हां तो सरकार कब तक उक्त अस्पताल भवन का निर्माण कार्य सही समय पर पूरा नहीं करने वाले संवेदक पर कार्रवाई करने या संवेदक बदलकर निर्माण कार्य पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## अनुग्रह अनुदान राशि का भुगतान

***636 श्री अरूण शंकर प्रसाद (खजौली):**

**आपदा प्रबंधन** क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि ः-

1. क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बासोपट्टी प्रखंड निवासी ललित प्रसाद, पिता स्व0 राम एकबाल साह कोविड से पीड़ित ईलाज हेतु दिनांक 25.05.2021 को आई०बी० स्मृति आरोग्य सदन, दरभंगा में भर्ती हुआ, जिनकी ईलाज के दौरान दिनांक 12.06.2021 को दरभंगा में मृत्यु हो गयी थी;

2. क्या यह बात सही है कि मृतक के आश्रित पत्नी रेखा देवी ने सभी आवश्यक कागजात संलग्न कर दिनांक 20.07.2021 को अंचल अधिकारी, बासोपट्टी को आवेदन दिया, परंतु आज तक अनुग्रह अनुदान राशि का भुगतान नहीं किया गया है;

3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार कब तक मृतक के आश्रित पत्नी को अनुग्रह अनुदान राशि का भुगतान करने तथा विलंब के लिये दोषी पदाधिकारियों

पर कार्रवाई करना चाहती है, नहीं तो क्यों ?

----

## विधुत आपूर्ति कराना।

*637 **श्री नारायण प्रसाद (नौतन):**

**ऊर्जा :-**

क्या मंत्री, उर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि- (1) क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत नौतन के गहीरी सरेह तथा विधुत गहीरी फीडर से पश्चिम दिशा में 35 कृषि पोल का तार चोरों द्वारा वर्ष 2022 में काट लिया गया है जिसके कारण किसानों के फसलों की सिचाई वर्ष 2022 से बाधित है, (2)क्या यह बात सही है कि किसानों के खेतों तक विधुत आपूर्ति बंद होने के कारण सैकड़ों एकड़ फसल सिंचाई के अभाव में प्रति वर्ष नष्ट हो रहा है; (3)यदि उपर्युक्त खंडों के उतर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार तार से वंचित पोलों पर तार लगा कर विधुत आपूर्ति कराने का विचार रखती है, हां तो कब तक, नही तो क्यो ?

----

त्रुटिपूर्ण अत्यधिक ऊर्जा शुल्क के संधारण

*638 **श्री रामप्रवेश राय (बरौली ):**

**ऊर्जा :-**

क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि- 1. क्या यह बात सही है कि राज्य की जनता डीजिटल मीटर के रख-रखाव तथा विद्युत-विपत्र उपलब्ध नहीं कराने तथा बगैर रीडिंग दर्शाए अधिक बिजली शुल्क आने की शिकायत से परेशान है; 2.क्या यह बात सही है कि इन सभी विभागीय लापरवाहियों के चलते बिल भुगतान में थोड़ा विलंब होते ही विद्युत कनेक्सन भी काट दिया जाता है; 3.यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार कब तक डीजिटल मीटर रख-रखाव, प्रत्येक महीने विद्युत विपत्र उपलब्ध कराने, त्रुटिपूर्ण अत्यधिक ऊर्जा शुल्क के संधारण आदि का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## भवन निर्माण का औचित्य

*639 **श्री प्रहलाद यादव (सूर्यगढ़ा ):**

**योजना एवं विकास** क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के सन्हौला प्रखंडान्तर्गत पंचायत तेलहौंधा के ग्राम-बनियड्डा, वार्ड सं0-14 में फरवरी,2024 से निर्माणाधीन सामुदायिक भवन सह वर्क सेड समतल भूमि से 3 फीट गड्ढे में निर्माण किये जाने से उसमें पानी जमा हो जाता है, यदि हाँ तो समतल भूमि से 3 फीट गड्ढे में उक्त भवन का निर्माण किये जाने का क्या औचित्य है

?

----

## कार्रवाई करना

***640 श्री प्रमोद कुमार (मोतिहारी):**

**आपदा प्रबंधन** क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मोतिहारी प्रखंड के बहुअरी गांव में बाढ़ का पानी घर तक पहुँचने के कारण पानी में डूबकर बच्ची की मौत हो गई एवं बहुअरी झीटकहीया सहित कई गांव में बाढ़ से फसल के साथ कई दिनों तक आम जन प्रभावित हुए, यदि हाँ तो सरकार प्रभावित परिवारों के मृतक को मुआवजा राशि दिलाने के साथ दोषी पदाधिकारी के विरूद्ध कार्रवाई करने का विचार कब तक रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## विद्युत आपूर्ति करना

***641 श्री राजेश कुमार (कुटुम्बा ):**

**ऊर्जा :-**

क्या मंत्री, उर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः- (1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत दानापुर विधानसभा क्षेत्र के खगौल नगर परिषद के वार्ड संख्या-26 में चाय मैनेजर की गली से भंडारी बाबू के घर तक बिजली के खम्भे में पुराने एवं जर्जर तारों से विद्युत आपूर्ति की जा रही है; (2) क्या यह बात सही है कि वार्ड संख्या 26 के ही अन्य जगहों पर केबल तारों के द्वारा विद्युत आपूर्ती की जा रही है; (3) क्या यह बात सही है कि स्थानीय निवासियों द्वारा कई बार विभागीय अभियंताओं को ध्यानाकृष्ट कराने के बाद भी पुराने जर्जर तारों को केबल तारों में नही बदला गया है; (4) यदि उपर्युक्त खंडो के उत्तर स्वीकरात्मक है तो सरकार कब तक उक्त गली में पुराने एवं जर्जर तारों को हटाकर केबल तारों के द्वारा विद्युत आपूर्ति कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करना।

***642 डॉ. आलोक रंजन (सहरसा):**

**पर्यटन :-**

क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला के मत्स्यगंधा, पर्यटन की दृष्टिकोण से काफी महत्वपूर्ण है, यदि हाँ तो सरकार कब तक उक्त स्थल को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए कोई ठोस प्लान तैयार करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

मरम्मति एवं निर्माण कराना

***643 श्रीमती रश्मि वर्मा (नरकटियागंज):**

**स्वास्थ्य** क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा कि कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत नरकटियागंज अनुमंडल अस्पताल के प्रांगण में बरसात के दिनों में जल-जमाव होता है एवं मरीज के परिजनों को प्रतीक्षा करने हेतु प्रतीक्षालय के साथ-साथ कैंटीन नहीं रहने से काफी परेशानी रहती है, यदि हाँ तो सरकार कब तक नरकटियागंज अनुमंडल अस्पताल के प्रांगण में मिट्टी भराई, नाला, पी0सी0सी0 सहित प्रतीक्षालय सह कैंटीन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## निर्माण कराना

***644 श्री पवन कुमार जायसवाल (ढाका):**

**विधि** क्या मंत्री, विधि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत अनुमंडल व्यवहार न्यायालय सिकरहना ढाका के भवन निर्माण एवं जमीन अधिग्रहण हेतु पत्रांक 1533 दिनांक 02.03.2020 द्वारा स्वीकृति आदेश के आलोक में प्रथम किस्त 9.90 करोड़ एवं दूसरी किस्त 5.70 करोड़ कुल 15.60 करोड़ रूपया वित्तीय वर्ष 2022-23 में पूर्वी चंपारण को प्राप्त है, परंतु अभी तक जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया पूर्ण नहीं हो पाया है, यदि हाँ तो सरकार अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय सिकरहना ढाका का जमीन अधिग्रहण प्रक्रिया पूर्ण कराकर वित्तीय वर्ष 2024-25 में निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

स्वास्थ्य केंद्र भवनों का निर्माण कराना

***645 श्री लाल बाबू प्रसाद गुप्ता (चिरैया):**

**स्वास्थ्य** क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के सन्हौला प्रखंड के सनोखर पंचायत अंतर्गत ग्राम महेशखोर में स्वास्थ्य उपकेंद्र का अपना भवन नहीं है;
2. क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य उपकेंद्र का अपना भवन बनाने की स्वीकृति हुई है, जिसका निर्माण अब तक प्रारंभ नहीं हुआ है;
3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार उक्त स्वास्थ्य उपकेंद्र के भवन का निर्माण कब तक कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

जमीन उपलब्ध कराना

***646 श्री तारकिशोर प्रसाद (कटिहार):**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार सदर प्रखंड अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, कटिहार को भवन के अभाव में भवाड़ा पंचायत स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, पोखडि़या संथाली में स्थानांतरित कर दिया गया है जिससे कटिहार सदर प्रखंड के ग्रामीणों को कठिनाई हो रही है एवं स्वास्थ्य सेवा का समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा है यदि हाँ तो सरकार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के भवन निर्माण हेतु जमीन उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हां तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## पर्यटक होटल बनाना

***647 श्री दामोदर रावत (झाझा ):**

**पर्यटन :-**

क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि- 1. क्या यह बात सही है कि वर्ष 2021 में बिहार का पहला पक्षी महोत्सव जमुई जिला स्थित झाझा नागी पक्षी अभयारण्य में आयोजित किया गया था; 2. क्या यह बात सही है कि वर्ष 2024 में इसे अंतर्राष्ट्रीय जलीय जीवन पर्यावरण संरक्षण हित को देखते हुए रामसर साईट घोषित किया गया है; 3. क्या यह बात सही है उक्त स्थल पर पक्षियों के कलरव को देखने के लिए बिहार के अलावे अन्य राज्यों के पर्यटकों की भी संख्या लगातार बढ़ रही है; 4. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार आगन्तुक पर्यटकों की सुविधा के लिए उक्त स्थान पर होटल बनाने का विचार रखती है, हॅा तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## चिकित्सकीय आवास का निर्माण

***648 डॉ. सी०एन० गुप्ता (छपरा ):**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः- 1. क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत सदर अस्पताल, छपरा परिसर में डिप्टी सुपरिटेंडेन्ट, महिला चिकित्सक, फीजिशियन एवं सर्जन के लिए जर्जर आवास टूट गया है जिसके कारण उक्त चिकित्सकों के रहने योग्य आवास नहीं हैं; 2. क्या यह बात सही है कि उक्त चिकित्सक, आवास के अभाव में पटना शहर या बडे़ क्षेत्र से आवागमन कर सदर अस्पताल में रोगियों का ईलाज करते हैं, कभी-कभी प्रतिनियुक्त चिकित्सक हाजरी बनाकर चले जाते हैं जिस कारण रोगियों का इलाज सही ढंग से नहीं हो रहा है; 3.यदि

उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार कब तक उक्त अस्पताल में चिकित्सकीय आवास का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

अल्ट्रासाउंड की व्यवस्था

***649 श्री शमीम अहमद (नरकटिया):**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः- 1. क्या यह बात सही है कि पूर्वीचम्पारण जिला के बनकटवा, छौडादानो एवं बंजरिया प्रखण्ड अन्तर्गत पी0एच0सी0 अस्पताल में अल्ट्रासाउंड नही होता है; 2. क्या यह बात सही है कि उक्त तीनों अस्पताल में चिकित्सक द्वारा मरीजों को अल्ट्रासाउंड की सलाह देने के बाद गर्भावस्था के दौरान महिलाओं को काफी समस्या का सामना करना पड़ता है; 3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त अस्पताल में कब तक अल्ट्रासाउंड की व्यवस्था कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----

## 100 केवीए का ट्रान्सफॉर्मर स्थापित करना

***650 श्री मनोहर प्रसाद सिंह (मनिहारी):**

**ऊर्जा** क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखण्ड अन्तर्गत नीमा पंचायत में स्थापित डा0 भीमरॉव अम्बेदकर 10+02 अनुसूचित जनजाति बालक आवासीय विद्यालय के लिए 720 पद स्वीकृत हैं और सम्प्रति 295 छात्र अध्ययन कर रहे हैं, उक्त विद्यालय से 1 किलोमीटर दूर गाँव में ट्रान्सफॉर्मर स्थापित रहने के कारण वहाँ के छात्रों को लो वोल्टेज की कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ तो सरकार कबतक उस विद्यालय के लिए अलग से 100 केवीए का ट्रान्सफॉर्मर स्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----

तकनीशियन बहाल करना

***651 श्री मुकेश कुमार यादव (बाजपट्टी):**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेगें किः-- 1.क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला अन्तर्गत शहीद रामफल मंडल समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बाजपट्टी में दो वर्ष से एक्सरे मशीन तकनीशियन नहीं रहने के कारण एक्सरे बंद है; 2.क्या यह बात सही है कि उक्त समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में एक भी महिला चिकित्सक का पदस्थापन नहीं किया गया है; 3.यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार बंद पड़े एक्सरे मशीन एवं महिला चिकित्सक नहीं रहने के कारण मरीजो को हो रही कठिनाई को दूर करने का विचार रखती है, हॅा तो कब तक, नही तो क्यों ?

----

## ईलाज की व्यवस्था करना

***652 श्री अजीत कुमार सिंह (डुमरांव ):**

**स्वास्थ्य** क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिले के अनुमण्डल अस्पताल डुमराँव में सिटी स्कैन, हेपेटाइटिस ईलाज की व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्था नहीं होने के कारण रोगियों को ईलाज कराने में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ तो सरकार कब तक अनुमण्डल अस्पताल, डुमराँव में उक्त व्यवस्था को बहाल कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## बिजली कनेक्शन देना

***653 श्री बीरेन्द्र कुमार (रोसड़ा):**

**ऊर्जा** क्या मंत्री, उर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सात निश्चय फेज-2 के तहत राज्य में वर्ष 2023 तक शत प्रतिशत किसानों को कृषि कार्य हेतु बिजली कनेक्शन देने की घोषणा सरकार द्वारा समस्तीपुर जिला का दौरा के क्रम में वर्ष 2022 में की गई थी, परन्तु इस लक्ष्य का अभी तक पचास प्रतिशत भी कनेक्शन किसानों को मुहैया नहीं कराया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कब तक किसानों को कृषि कार्य हेतु बिजली का शत प्रतिशत कनेक्शन देने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

नियुक्ति से वंचित करना

***654 श्री अखतरूल ईमान (अमौर):**

**स्वास्थ्य** क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि बिहार सरकार द्वारा प्रकाशित बिहार गजट के अनुसार बी0 फार्मा एवं एम0 फार्मा उतीर्ण अभ्यर्थियों को भी डी0 फार्मा उतीर्ण होना अनिवार्य है;
2. क्या यह बात सही है कि स्वास्थ्य विभाग के गजट के अनुसार बी0 फार्मा एवं एम0 फार्मा के अभ्यर्थी जो डी0 फार्मा उत्तीर्ण नहीं है, को सरकारी नियुक्ति (Pharmacist Post) में आवेदन करने से वंचित हो जायेंगे;
3. क्या यह बात सही है कि स्वास्थ्य विभाग का यह गजट The Pharmacy Act 1948 का उल्लंघन करता है;
4. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार को ऐसे गजट लाकर बी0फार्मा एवं एम0फार्मा अभ्यर्थियों को Pharmacist Post की नियुक्ति से वंचित करने का क्या औचित्य है ?

----

## पॉवर ग्रिड का निर्माण

***655 श्री आनन्द शंकर सिंह (औरंगाबाद ):**

**ऊर्जा** क्या मंंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला में देव और मदनपुर प्रखण्डों में पॉवर ग्रीड नहीं होने से रफीगंज ग्रीड से विधुत आपूर्ति की जाती है, जिससे दूरी अधिक होने से मामूली आँधी-तूफान में हमेशा विधुत आपूर्ति बाधित होती रहती है, यदि हाँ तो सरकार कब तक देव और मदनपुर के लिए अलग से पॉवर ग्रिड का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

बिजली की उपलब्धता करना

***656 श्री अचमित ऋषिदेव (रानीगंज, अररिया):**

**ऊर्जा** क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखंड के खरहट पंचायत में गिदवास से हिंगना जाने वाली मैनर पर से हाँसा पंचायत के ग्राम लक्ष्मीपुर में बिरेन्द्र मंडल के खेत तक सात निश्चय-2 योजना 'हर खेत तक सिंचाई का पानी' के मुख्यमंत्री कृषि विद्युत संबंधन योजना(एमकेवीएसवाई) अन्तर्गत कृषि कार्यो हेतु विद्युत आपूर्ति के लिए लगाए गए 25 खंभों का बिजली तार चोरों द्वारा विगत एक वर्ष पूर्व चोरी कर लिया गया है, जिससे किसानों को डीजल पम्प से सिंचाई महँगा पड़ रहा है, यदि हाँ तो सरकार बिजली के तार की चोरी पर रोक लगाने के लिए कौन सा उपाय करने तथा किसानों के कठिनाई को दूर करने के लिए खंभों पर तार लगाकर कब तक बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

----

## स्वास्थ्य भवन का निर्माण

***657 श्री अख्तरूल इस्लाम शाहीन (समस्तीपुर ):**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि - 1.क्या यह बात सही है कि सिविल सर्जन सह सदस्य सचिव जिला स्वास्थ्य समिति, समस्तीपुर ने अपने कार्यालय पत्रांक-551, दिनांक 19.07.2024 के माध्यम से समस्तीपुर जिला में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (सिंघिया खुर्द) सहित अन्य स्थानों पर स्वास्थ्य भवन निर्माण हेतु कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति बिहार, पटना को आग्रह किया है जो अभी तक लम्बित है; 2.क्या यह बात सही है कि उक्त वर्णित स्थानों पर स्वास्थ्य भवन का निर्माण नहीं होने से क्षेत्र के गरीबों को चिकित्सा सेवा व सुविधा का लाभ

नहीं मिल पा रहा है जिसका प्रतिकूल प्रभाव उनके स्वास्थ्य पर पड़ता है; 3.यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कब तक उक्त क्षेत्रों में स्वास्थ्य भवन का निर्माण कार्य कराना चाहती है, नहीं तो क्यों ?

----

## चहारदीवारी निर्माण कराना

***658 श्री मनोज कुमार यादव (कल्याणपुर):**

**योजना एवं विकास** क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः- 1.क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत अंचल कल्याणपुर में सिसवा पटना पंचायत के हाजीपुर रामजानकी मंदिर की चहारदीवारी निर्माण कार्य कराने के लिए स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन कार्य प्रमण्डल मोतिहारी 01 द्वारा प्राक्कलन की तकनीकी अनुमोदन कराकर जिला विकास शाखा, मोतिहारी में प्रशासनिक स्वीकृति के लिए समर्पित किया जा चुका है; 2.क्या यह बात सही है कि मंदिर का चहारदीवारी निर्माण के लिए जिला स्तर पर बनी प्राथमिकता सूची में उक्त वर्णित मंदिर क्रमांक 15 पर अंकित है, 3.यदि उपर्युक्त खण्डों का उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार उक्त मंदिर का चहारदीवारी निर्माण कार्य कराने का विचार रखती है हाँ तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

सहायता राशि प्राप्त कराना|

***659 श्री विनय बिहारी (लौरिया):**

**आपदा प्रबंधन :-**

क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :- 1 क्या यह बात सही है कि पश्चिम चंपारण जिलान्तर्गत लौरिया प्रखंड एवं योगापट्टी प्रखंड में क्रमशः सिकरहना नदी एवं गंडक नदी में आने वाली बाढ से किसानों के लगाए गए फसल को काफी नुकसान हुआ है ; 2. क्या यह बात सही है कि ये दोनों प्रखंड बाढ प्रभावित घोषित भी किए गए हैं ; 3. क्या यह बात सही है कि इन दोनों प्रखंडों में बाढ के राहत की राशि का वितरण किसानों के बीच सही तरीके से नहीं हुआ है और सहायता राशि दिए जाने पर रोक भी लगा दी गयी है ; 4. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार कब तक दोनों प्र्खंडों / अंचलों के बाढ़ प्रभावित परिवारों को उचित सहायता राशि प्राप्त कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

समस्या का समाधान

***660 श्री चेतन आनंद ( शिवहर):**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि- 1. क्या यह बात सही है कि शिवहर जिला मुख्यालय में आठ करोड़ की लागत से निर्मित अस्पताल भवन में लिफ्ट खराब रहने के कारण मरीजों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है; 2. क्या यह बात सही है कि उक्त अस्पताल में एनेस्थेटिक चिकित्सक के अभाव में आईसीयू चालू नहीं है तथा मेडिसिन चिकित्सक एवं स्टाफ कमी के कारण काम बाधित है तथा सीटी स्कैन बंद है; 3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार कब तक उक्त अस्पताल की समस्याओं का समाधान कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## ट्रामा सेंटर का भवन निर्माण

*661 **श्रीमती संगीता कुमारी (मोहनिया):**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :- 1.क्या यह बात सही है कि कैमूर जिलान्तर्गत मोहनियॅा प्रखण्ड के जी0टी0 रोड पर ट्रामा सेन्टर हेतु 02 वर्ष पूर्व मंत्रिमंडल सचिवालय के द्वारा स्वीकृति दिया गया है, परन्तु आजतक भवन निर्माण हेतु कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है; 2.क्या यह बात सही है कि उक्त ट्रामा सेन्टर के अभाव में आये दिन दुर्घटना होने पर गंभीर रूप से घायल मरीजों की चिकित्सा के अभाव में जान भी जा रही है जिससे राहगीरों में आक्रोश है; 3.यदि उपर्युक्त खण्डों के उतर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार प्राथमिकता के आधार पर यथाशीघ्र मोहनिया प्रखण्ड के जी.टी. रोड पर ट्रामा सेंटर के भवन निर्माण का कार्य प्रारंभ कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----

## विशेषज्ञ चिकित्सकों का पदस्थापना

*662 **श्री मुकेश कुमार रौशन (महुआ ):**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के महुआ विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत तालसेहान में सी0एच0सी0 अस्पताल अवस्थित है परन्तु आपातकालीन सेवा एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों की पदस्थापना नहीं रहने के कारण दुर्घटनाग्रस्त एवं गंभीर मरीजों को अन्यत्र स्थानों पर ईलाज कराने के लिए ले जाना पड़ता है जिससे कई मरीजों की रास्ते में ही जान चली जाती है, यदि हाँ तो सरकार कब तक उक्त अस्पताल में आपातकालीन सेवा बहाल करने एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों का पदस्थापना करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----

## चाहरदीवारी का निर्माण

*663 **श्री महा नंद सिंह (अरवल ):**

**स्वास्थ्य** क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने का कृपा करेंगे कि :- 1. क्या यह बात सही है कि अरवल के कोरियम प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, शहर तेलपा एवं बहादुर पुर अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्र की चाहरदीवारी नहीं होने से स्वास्थ्य केंद्र असुरक्षित है; 2. क्या यह बात सही है कि नव निर्मित कामता, बेलखरा, हृदयचक एवं ढोरहा उप-स्वास्थ्य केंद्र की चाहरदीवारी नहीं होने से स्वास्थ्य कर्मियों के साथ भवन भी असुरक्षित है; 3.यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केंद्र के चाहरदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## कार्रवाई करना

***664 श्री जय प्रकाश यादव (नरपतगंज):**

**आपदा प्रबंधन** क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः- 1. क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत नरपतगंज विधानसभा क्षेत्र जो कि भारत नेपाल सीमा पर है, वहां विगत अगस्त माह में नेपाल के तरफ से आए बाढ़ के पश्चात आपदा राहत राशि का बँटवारा 2017-18 की सूची को बिना update किये हुए एवं सैकड़ों लोगों को बिना आधार के इससे हटा कर किया गया; 2. क्या यह बात सही है कि सम्बंधित सर्वे रिपोर्ट पोर्टल पर भी नहीं डाला गया है; 3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार संबधित पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध जाँच करवा कर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

केबुल तार लगाना

***665 श्री हरीभूषण ठाकुर "बचोल" (बिस्फी):**

**ऊर्जा** क्या मंत्री उर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के बिस्फी प्रखंड स्थित चहुता गुमती से लेकर मरवा गांव खोखनाई, गांव में बिजली खंभों पर नंगा तार लटक रहा है, जिससे किसी भी समय नंगा तार के टुटने पर अप्रिय घटना होने की प्रबल संभावना रहती है, यदि हाँ, तो सरकार कब तक उक्त गांवो में बिजली खंभों पर नंगा तार के स्थान पर केबुल तार लगवाने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## भवन का मरम्मतीकरण

***666 श्री कुमार शैलेन्द्र (बिहपुर ):**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः- 1.क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिहपुर के अस्पताल परिसर के पुराने

भवनों, कार्यालय छत, बाहरी दीवार एवं चाहर दिवारी क्षतिग्रस्त है; 2.क्या यह बात सही है कि अस्पताल, प्रवेशद्वार, दक्षिण का सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त है, जिससे आमजनों एवं एम्बुलेंस सहित अन्य गाडि़यों को आवाजाही में परेशानी होती है; 3.क्या यह बात सही है कि पदाधिकारी एवं कर्मी का आवासीय भवन पूरी तरह क्षतिग्रस्त है; 4.यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल के भवन का मरम्मतीकरण करने का विचार करती है, यदि हाँ, तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## लो वोल्टेज की समस्या का निराकरण करना

***667 श्री सैयद रूकनुददीन अहमद (बैसी):**

**ऊर्जा :-**

क्या मंत्री, उर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेगें कि - (1) क्या यह बात सही है कि पूर्णिया जिला के बायसी विधान सभा अन्तर्गत प्रखण्ड बायसी एवं प्रखण्ड डगरूआँ में उपभोक्ताओं की संख्या बढ़ने से क्षेत्र के लोगों को लो भोल्टेज की समस्या रहती है; 2.क्या यह बात सही है कि ऊपर वर्णित उपभोक्ताओं को वोल्टेज लो रहने के कारण हमेशा परेशानी होती है तथा ग्रामीणों द्वारा अतिरिक्त नए ट्रांसफार्मर लगा कर हाई भोल्टेज करने की मांग की जाती रही है; 3.यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार ऊपर वर्णित स्थानों पर अतिरिक्त नए ट्रांसफार्मर लगा कर लो वोल्टेज की समस्या का निराकरण करने का विचार रखती है, हॅा तो कब तक नही, तो क्यों ?

----

ग्रामीण चिकित्सकों (आर0एम0पी0) का समायोजन

***668 श्रीमती प्रतिमा कुमारी (राजा पाकर ):**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:- 1. क्या यह बात सही है कि बिहार में करीब 51000 ग्रामीण चिकित्सक (आर0एम0पी0) क्रियाशील हैं, जो ग्रामीण जनता को ससमय चिकित्सकीय सहायता प्रदान करते हैं, कोरोना काल में इनकी सेवा की सराहना सरकार के स्तर से हुई है; 2. क्या यह बात सही है कि राष्ट्रीय औसत से बहुत पीछे बिहार में प्रति 17 हजार से अधिक की आबादी पर एक चिकित्सक उपलब्ध होने से ग्रामीण जनता को यथेष्ट चिकित्सा सुविधा नहीं मिल पाती है; 3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार बिहार में चिकित्सकों की कमी को देखते हुये एवं ग्रामीण जनता को त्वरित स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने हेतु ग्रामीण चिकित्सकों (आर0एम0पी0) का समायोजन स्वास्थ्य-मित्र के रूप में करने का विचार रखती है, हॉं, तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

अस्पताल में स्टाफ उपलब्ध कराना

***669 श्री अनिल कुमार (बथनाहा):**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला अंतर्गत सोनबरसा प्रखंड में मधेसरा पंचायत में मधेसरा स्वास्थ्य उपकेंद्र में स्टाफ उपलब्ध नहीं होने से आमजनों को स्वास्थ्य संबंधी समस्या हेतु सीतामढ़ी सदर अस्पताल जो लगभग 20 किमी की दूरी तयकर जाना पड़ता है, यदि हाँ तो सरकार कब तक उक्त अस्पताल में स्टाफ की उपलब्धता कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## कार्रवाई करना

***670 श्री विजय कुमार (शेखपुरा ):**

**ऊर्जा**

क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेगें कि क्या यह बात सही है कि शेखपुरा जिला के शेखपुरा विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत घाटकुसुम्भा प्रखंड के सभी गाँवों में संवेदक द्वारा मानक के अनुरूप बिजली का पोल नहीं गाड़ने के कारण 90% पोल सभी स्थानों पर झुक गया है जिससे दुर्घटना घटते रहती है (उदाहरण स्वरूप ग्राम-आलापुर एवं ग्राम-पानापुर), यदि हाँ तो क्या सरकार इसकी उच्च स्तरीय जाँच कराते हुए दोषी के विरूद्ध कार्रवाई करने तथा मानक के अनुरूप बिजली का पोल ठीक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----

उपस्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण

***671 श्री कौशल किशोर (राजगीर ):**

**स्वास्थ्य** क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा कि कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालंदा जिला अन्तर्गत गिरियक प्रखण्ड के ग्राम पंचायत धरहरा में स्वास्थ्य उपकेन्द्र नहीं होने के कारण वहॉ के लोगों को कठिनाई होती है,यदि हाँ तो सरकार कब तक उक्त ग्राम पंचायत में उपस्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## पदस्थापित करना

***672 श्री शकील अहमद खाँ (कदवा):**

**स्वास्थ्य** क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है

कि कटिहार जिला अंतर्गत कदवा प्रखंड में स्वास्थ्य उपकेंद्र, जिगिन तथा स्वास्थ्य उपकेंद्र परभेली सहित आठ स्वास्थ्य उपकेंद्र कर्मियों के अभाव में पिछले छः माह से बंद है जिससे स्वास्थ्य सेवा प्रभावित हो रही है, यदि हां, तो सरकार कब तक उक्त सभी स्वास्थ्य उपकेंद्रों में कर्मियों को पदस्थापित कर स्वास्थ्य सेवा बहाल करने का विचार रखती है नहीं तो क्यों ?

----

## रेडियोलॉजिस्ट बहाल करना

*673 **श्री अरूण सिंह (काराकाट):**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेगें कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत 213, काराकाट विधान सभा के काराकाट (गोड़ारी) प्रखंड मुख्यालय में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में अल्ट्रासाउण्ड मशीन नहीं रहने के कारण मरीजों को मजबूरी में बाहर अल्ट्रासाउण्ड कराने में अत्यधिक राशि का व्यय करना पड़ता है, यदि हाँ तो सरकार कब तक उक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में अल्ट्रासाउण्ड मशीन स्थापित कराते हुए तकनीकि सहायक एवं रेडियोलॉजिस्ट बहाल करने का विचार रखती है, नही तो क्यों ?

----

गोताखोरों की नियुक्ति

*674 **श्री कुंदन कुमार (बेगूसराय ):**

**आपदा प्रबंधन :-**

क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि- 1. क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला में अवस्थित SDRF में एक भी गोताखोर नहीं है; 2. क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला जो कई प्रमुख नदियों से घिरा हुआ है तथा आए दिन जल संबंधी दुर्घटनाओं से प्रभावित होता रहता है, जहां डूबने की घटनाओं में शवों को खोजने के लिए दूसरे जिलों से गोताखोर बुलाने पड़ते हैं, जिससे ससमय शवों की तलाश में देरी से पीडि़त परिवार विचलित रहता है; 3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार वर्णित परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए बेगूसराय के SDRF में और सभी अनुमण्डलों में जरूरी उपकरणों के साथ गोताखोरों की नियुक्ति यथाशीघ्र करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----

## चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति

*675 **श्रीमती निशा सिंह (प्राणपुर):**

**स्वास्थ्य** क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है

कि कटिहार जिला अंतर्गत प्राणपुर प्रखंड के प्राणपुर पंचायत के राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय में चिकित्सक न होने के कारण यह औषधालय अक्सर बंद रहता है, यदि हाँ तो सरकार कब तक उक्त औषधालय में नियमित रूप से चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति कर औषधालय को सुचारू रूप से चलाने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## विद्युत कनेक्शन मुहैया करवाना

***676 श्री ललित नारायण मंडल (सुल्तानगंज ):**

**ऊर्जा** क्या मंत्री, उर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि ः- 1. क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के प्रखंड सुल्तानगंज एवं शाहकुंड के विभिन्न पंचायतों के किसानों द्वारा सरकारी निर्देश पर बोरिंग कराया गया है; 2. क्या यह बात सही है कि किसानों द्वारा कनेक्शन हेतु ऑनलाइन आवेदन किया गया है किन्तु विद्युत कनेक्सन नहीं मिल पाया है जिससे किसानों में निराशा व्याप्त है; 3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार सिंचाई हेतु कराये गए बोरिंगों तक यथा शीघ्र विद्युत कनेक्शन मुहैया करवाने का विचार रखती है, हां तो कब तक नहीं तो क्यों ?

----

चिकित्सक एवं तकनीशियनों का पदस्थापन कराना

***677 श्री समीर कुमार महासेठ (मधुबनी):**

**स्वास्थ्य** क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला अन्तर्गत जिला अस्पताल,मधुबनी का पुनर्निर्माण कराया गया है परन्तु अस्पताल में एम0आर0आई0 जांच एवं सभी विभागों के चिकित्सकों एवं तकनीशियों का पदस्थापन नहीं किया गया है, जिसके कारण नवनिर्मित अस्पताल से लोगों को आवश्यक चिकित्सकीय सुविधाएं प्राप्त नहीं हो रही हैं, यदि हां तो सरकार कब तक नवनिर्मित जिला अस्पताल, मधुबनी में एम0आर0आई0 जांच की सुविधा तथा स्वीकृत पद के अनुरूप चिकित्सक एवं तकनीशियनों का पदस्थापन करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

एक पावर ग्रिड का स्थापना करना

***678 श्री प्रणव कुमार (मुंगेर ):**

**ऊर्जा** क्या मंत्री "ऊर्जा विभाग" यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के सदर प्रखंड के कुतलूपुर तथा जाफरनगर पंचायत एवं बरियारपुर प्रखंड के हरिणमार तथा झौआ बहियार पंचायत में क्रमशः बेगूसराय के साहेबपुर कमाल तथा खगड़िया जिला के गोगरी से बिजली आपूर्ति होती है किन्तु उक्त दोनों प्रखंडों के चारों पंचायत में बिजली की समस्या रहती है, यदि हाँ तो सरकार कब तक सदर प्रखंड के

कुतलूपुर तथा जाफरनगर एवं बरियारपुर प्रखंड के हरिणमार तथा झौआ बहियार में एक-एक पावर ग्रिड स्थापित कर यहां के किसानों तथा लोगों की बिजली की समस्या को दूर करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यो ?

----

## चिकित्सा सेवा बहाल कराना

***679** **श्री विद्या सागर केशरी (फोर्बेसगंज):**

**स्वास्थ्य** क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने कि कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत फारबिसगंज विधानसभा के मिर्जापुर पंचायत के वार्ड 16 में प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेंद्र ध्वस्त होने के स्थिति में है एवं चिकित्सा सेवा पूर्णतः बंद रहने से क्षेत्र के आमजन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है जबकि स्वास्थ्य उपकेंद्र के पास लगभग 30 डिसमिल सरकारी भूमि उपलब्ध है, यदि हाँ तो सरकार कब तक उक्त स्वास्थ्य उपकेंद्र का पुनर्निर्माण कराने एवं चिकित्सा सेवा बहाल कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## प्रतिनियुक्ति का विचार करना

***680** **श्री शिव प्रकाश रंजन (अगिआंव ):**

**स्वास्थ्य** क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत प्रखंड-गड़हनी और प्रखंड-चरपोखरी में सामुदायिक स्वास्थ्य केंन्द्र का नया भवन बनकर तैयार है, परंतु डॉक्टरों का अभाव है, साथ ही उक्त स्वास्थ्य केन्द्रों में मात्र दो तीन डॉक्टर ही हैं, यदि हाँ तो सरकार कब तक उक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में मानक के अनुसार डॉक्टरों की प्रतिनियुक्ति का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

**पटना-800015 .**
**29 नवंबर , 2024 .**

**श्रीमती ख्याति सिंह ,**
**प्रभारी सचिव, बिहार विधान सभा**